P372

इंदौर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 251
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

देपालपुर में उषा ठाकुर की एंट्री...



पेज-2

फिल्म 'प्रलय' लाएंगे रणवीर सिंह



पेज-5

350 नामांतरण का खेल : दो निलंबित



पेज-6

# टीम नवीन के बाद अब नजरे मोहन मंत्रिमंडल के विस्तार पर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करीब 8 महीने बाद अपनी टीम का ऐलान करने जा रहे हैं। जिसमें युवा, महिला समेत मप्र भाजपा के नेताओं को खासी तवज्जो मिल सकती है। मप्र के अजा और अजजा नेताओं को भी प्रमुखता से जगह मिलने की संभावना है।

टीम नवीन का ऐलान इसी हफ्ते के भीतर होने की संभावना है। इसी के साथ मप्र में मोहन मंत्रिमंडल विस्तार एवं फेबरदल की अटकलें शुरू हो गई हैं। भाजपा संगठन के सूत्रों से खबर है कि भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के बाद मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की पूरी संभावना है। मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की दो महीने पहले ही तैयारी हो चुकी थी, लेकिन अचानक दतिया विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के चलते यह फैसला टल गया था। अब चूंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कभी भी अपनी टीम का ऐलान कर सकते हैं। जिसमें मप्र के नेताओं को भी जगह मिलने की संभावना है।



### वीडी शर्मा को मिलेगा दिल्ली में बड़ा दायित्व

प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा को दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। शर्मा को केंद्रीय मंत्री भी बनाया जा सकता है। उनका नाम टीम नवीन में शामिल होने वाले दावेदारों में भी प्रमुखता से शामिल है। शर्मा ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की है।

### आधा दर्जन मंत्री हो सकते हैं प्रभावित

मोहन मंत्री विस्तार एवं फेरबदल में करीब आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री प्रभावित हो सकते हैं। कुछ मंत्रियों को बाहर किया जा सकता है। जबकि ज्यादातर मंत्रियों के विभाग बदले जाएंगे। नए मंत्रियों में भोपाल से रामेश्वर शर्मा का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। हालांकि नाम को दिल्ली से हरी झंडी नहीं मिली है। इसी तरह अन्य मंत्रियों के नाम पर भी फैसला होना शेष है।

# कोर्ट की हिदायत के बाद भी राजनीतिक पोस्टरों को लेकर मचा घमासान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग को लेकर अदालत की सख्त टिप्पणियों के बावजूद राजनीतिक पोस्टरबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

इंदौर में पिछले कुछ दिनों से धार्मिक आयोजनों के पोस्टरों को लेकर 'फोटो पॉलिटिक्स' चर्चा में है। पोस्टरों में नेताओं की तस्वीरें लगाने और कुछ नेताओं को जगह नहीं देने को लेकर समर्थकों के बीच नाराजगी सामने आ रही है।

ताजा मामला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 का है, जहां एक धार्मिक यात्रा से जुड़े पोस्टरों में स्थानीय विधायक गोलू शुक्ला और कुछ अन्य भाजपा नेताओं की तस्वीरें और नाम नहीं होने पर उनके समर्थकों में नाराजगी देखी गई। मामला इतना बढ़ा कि पोस्टरों को लेकर निगम अधिकारियों तक शिकायत पहुंच गई।



### पोस्टर हटाने को लेकर निगम अधिकारियों से शिकायत

एक नेता के समर्थकों ने इन पोस्टरों को हटाने के लिए निगम अधिकारियों से शिकायत की थी। हालांकि पोस्टरों पर प्रभावशाली नेताओं की तस्वीरें और नाम होने के कारण निगम की कार्रवाई को लेकर भी चर्चा रही। इंदौर में धार्मिक और राजनीतिक आयोजनों के दौरान बड़े पैमाने पर बैनर-पोस्टर लगाए जाते हैं। ऐसे में पोस्टर पर किस नेता की तस्वीर है और किसकी नहीं, यह भी अब स्थानीय राजनीतिक समीकरणों से जोड़कर देखा जाने लगा है।

### फोटो गायब तो चुनावी दावेदारी की चर्चा

शहर में चल रही इस पोस्टर पॉलिटिक्स के बीच नेताओं के समर्थकों के बीच नई तरह की चर्चा भी शुरू हो गई है। किसी स्थानीय नेता की तस्वीर पोस्टर से गायब होने पर समर्थक इसे जानबूझकर किया गया कदम बताते हैं।

### धार्मिक आयोजन के पोस्टर बने विवाद की वजह

विधानसभा-3 के अलग-अलग इलाकों में धार्मिक यात्रा से जुड़े पोस्टर लगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इन पोस्टरों को भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के समर्थकों, अस्सू हार्डिया और अन्य लोगों की ओर से लगवाया गया था।

# मैं विधायक बना था तब अमित शाह बच्चे थे-खड़गे

## हमें देशभक्ति न सिखाएं

### उत्तराखंड में शुद्धिकरण को लेकर बीजेपी को धर्म विरोधी बताया



**पणजी (एजेंसी)** ● कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब अमित शाह बच्चे थे और आज हमें देशभक्ति सिखा रहे हैं। अमित शाह अक्सर सोनिया गांधी और गांधी परिवार की आलोचना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि क्क्षक्कधर्म विरोधी हैं, क्योंकि जब मैं उत्तराखंड गया तो दो दिन बाद मंच का शुद्धिकरण किया गया। यह शुद्धिकरण रामलीला मैदान में किया गया था, जहां खड़गे ने 8 अगस्त को भाषण दिया था। उन्होंने यह बात दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। वहीं, अमित शाह ने 16 अगस्त को कहा था कि कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा।

दिल्ली पुलिस ने राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ वंदे मातरम के अपमान से जुड़े मामले की जांच शुरू कर दी है। 16 अगस्त को ढ्ढक्क एस्टेट थाने में एक वकील ने शिकायत की थी। इसमें दोनों नेताओं के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वंदे मातरम के शुरुआती हिस्से के बाद सोनिया गांधी ने कुछ इशारे किए, जिन्हें गाना जारी रखने पर आपत्ति के तौर पर देखा गया।

**राहुल-सोनिया के खिलाफ कर्नाटक में भी शिकायत दर्ज-** उधर, भाजपा ने सोनिया गांधी के खिलाफ बेंगलुरु और मंगलुरु में पुलिस शिकायत दर्ज कर वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। बेंगलुरु में बीजेपी युवा मोर्चा ने मल्लेश्वरम और मंगलुरु में बीजेपी नेताओं ने उर्वा थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# इंदौर में फैमेली ट्रेजेडी : पत्नी को चाकू मारा, बेटा-बेटी को तालाब में फेंका

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कनाड़िया में सोमवार देर रात एक व्यक्ति ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह 13 साल की बेटी माही और 12 साल के बेटे अजय को तालाब में फेंक आया। अजय अंधेरे में तालाब से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा और गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पत्नी का शव बरामद कर लिया गया है और बेटी की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। मंगलवार सुबह शव मिला। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 11 से 12 बजे के बीच झालरिया गांव में हुई।



गांव में रहने वाला सुनील चौहान पेशे से ड्राइवर है। पत्नी अनिता का गला घोंटने के बाद वह बच्चों को लेने घर गया। फिर दोनों को पास के तालाब में फेंक दिया। बेटे अजय ने तालाब से निकलकर अपनी जान बचाई और गांव के लोगों को जानकारी दी।

रात करीब 1 बजे पुलिस सुनील के घर पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बाद में पुलिस ने उसे इलाके से हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने भी जान देने की कोशिश की थी।

पुलिस को माही की जानकारी नहीं मिली थी। अजय द्वारा बताए गए घटनास्थल के आसपास अंधेरे के कारण रात में बच्ची की तलाश नहीं हो सकी। रात करीब ढाई बजे एसडीआरईएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। रात करीब 3 बजे माही का शव तालाब से बरामद कर लिया गया।

### घर से बाहर ले जाकर पत्नी को मार डाला

पुलिस के मुताबिक सुनील मूल रूप से देवास के पास सतवास का रहने वाला है। वह पत्नी अनिता को घर के बाहर झाड़ियों में ले गया और उसका गला दबाया। इसके बाद उसे चाकू मारकर हत्या कर दी। फिर वह बच्चों को लेने घर गया और दोनों को तालाब में फेंक दिया। तालाब में गिरने के बाद अजय ने मरने का नाटक किया और मौका मिलते ही बाहर निकल गया। वहीं माही की तालाब में गला दबाकर हत्या कर दी गई।

# परीक्षा लेने वाले अब खुद ही देंगे परीक्षा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) 2026 की तारीख तय कर दी गई है। कर्मचारी चयन मंडल (ESB) ने प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ा रहे शिक्षकों के लिए नियम पुस्तिका जारी कर दी है। 1998 और 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा देनी होगी। परीक्षा 12 अक्टूबर 2026 से आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त 2026 से शुरू होगी। उम्मीदवार 4 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन की सुविधा भी दी गई है। उम्मीदवार 21 अगस्त से 9 सितंबर 2026 तक आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए ?1,000 प्रति प्रश्न-पत्र परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

- वडोदरा पहुंचे केजरीवाल और भगवंत मान, सेंट्रल जेल में बंद चैतर से करेंगे मुलाकात
- यूपी ATS का बड़ा एक्शन, जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा एक संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार
- UP : सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को अब वार्षिक कैलेंडर के तहत किया जाएगा समयबद्ध, योगी सरकार का फैसला
- पूर्व चीनी PM झू रोंगजी के अंतिम संस्कार से पहले चीन में सुरक्षा कड़ी
- डोनाल्ड ट्रंप से मिलने अमेरिका जाएंगे शी जिनपिंग, 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में होगी मुलाकात
- प्रयागराज में भारी बारिश के चलते 1 से 12 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित
- टाटा संस की AGM आज मुंबई में आयोजित होगी
- MP : ग्वालियर में NH-19 पर भीषण सड़क हादसा... मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन ट्रक से टकराया, 8 की मौत
- डोनाल्ड ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरकर 33% पर पहुंची : ईरान युद्ध और बढ़ती महंगाई से अमेरिकी जनता में नाराजगी

# पाठ्य पुस्तक निगम में अब विभागीय मंत्री की जगह मुख्यमंत्री होंगे अध्यक्ष

### मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने भेजी नोटशीट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम से सौभाग्य सिंह को हटाए जाने के बाद विभागीय स्कूल शिक्षा मंत्री के बजाय अब मुख्यमंत्री अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को नोटशीट भेज दी है। जल्दी इस संबंध में आदेश जारी किए जाएंगे। दरअसल मप्र पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष के रूप में सौभाग्य सिंह ने मई के दूसरे सप्ताह में पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करने के दौरान वे गाड़ियों का काफिला लेकर पहुंचे थे। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से डीजल-पेट्रोल का संयमित उपयोग करने की अपील की थी। उनकी अपील का भाजपा के नेताओं पर असर नहीं दिखने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौभाग्य से पाठ्य पुस्तक निगम के सभी अधिकार वापस ले लिए थे। इस बारे में सौभाग्य को नोटिस जारी हुआ था। ऐसा माना जा रहा था कि सौभाग्य के बाद पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री (पदेन) उदय प्रताप सिंह होंगे। वे अध्यक्ष के तौर पर पापुनि के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दे रहे थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री कार्यालय से एसीएस मंडलोई ने शुक्ला को नोटशीट भेजा है। पाठ्य पुस्तक निगम के पास प्रमुख जिम्मा पहली से 12वीं तक के स्कूलों की किताबों की छपाई का है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से पाठ्य पुस्तक निगम को स्कूल शिक्षा विभाग की खरीदी के सभी अधिकार भी मिल गए हैं। अभी पाठ्य पुस्तक निगम खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया व अलॉटमेंट जारी कर रहा है, लेकिन जल्दी पूरी खरीदी के अधिकार लेने की तैयारी में है।

# राम मंदिर दान चोरी : चंपत राय और अनिल मिश्रा को मिली क्लीन चिट



**अयोध्या (एजेंसी)** ● एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में दोनों का नाम नहीं है। शासन को सौंपी गई यह रिपोर्ट अब आगे की कार्यवाही के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दी गई है। सूत्रों का कहना है कि फाइनल रिपोर्ट में केवल आठ लोगों का ही नाम है जिन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। चोरी का मामला सामने आने के बाद सबसे ज्यादा आरोप चंपत राय और अनिल मिश्रा पर ही लगे थे। इसके बाद ही दोनों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी एसआईटी अभी मामले की जांच कर रही है।

### विपक्षी दलों के निशाने पर भी चंपत राय ही थे

राम मंदिर में दान चोरी का मामला सबसे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 7 जून को उठाया था। इसके जवाब में चंपत राय ने वीडियो शेयर कर आरोपों को गलत बता दिया था। इसके बाद भी अखिलेश के हमले जारी रहे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह जमीन घोटालों को लेकर पहले से चंपत राय पर हमलावर रहे। लगातार बढ़ते दबाव के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 जून को एसआईटी का गठन किया गया था।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष का 7 दिन का अल्टीमेटम

# खराब सड़के ठीक नहीं हुई तो कांग्रेस एक साथ करेगी चक्काजाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में खराब और गड्ढे वाली सड़कों को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर 7 दिन में इन सड़कों को ठीक नहीं किया जाता है तो कांग्रेस इन सड़कों पर उतरेगी और चक्काजाम करेगी, ताकि कुंभकर्ण की नींद सो रहे प्रशासन को जगाएगी।

इंदौर शहर में कई जगह सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। सर्विस रोड की सड़के भी खराब है। इन्हीं सड़कों की हालत को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने मैदान संभाला है। उन्होंने कहा कि इंदौर जैसे महानगर में, जिसे हम आधुनिक शहर मानते है। वहां पर सड़कों की इतनी दुर्गति होना और गड्ढों को कारण लोगों की जान जाना। इंदौर शहर पर कंलक जैसा मानता हूं। जब कोई भी ओवर ब्रिज, ब्रिज बनाता है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी रहती है और इंजीनियर, कंसलटेंट और संबंधित जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी रहती है कि वे वहां की सर्विस लेन को दुरुस्त करके चले, लेकिन भ्रष्टाचार और भाजपा की जुगलबंदी चल रही है। इसके कारण ये दुर्गति इंदौर शहर की हो रही है। उन्होंने कहा कि खासकर हम आटर इंदौर की बात करें तो वहां बहुत ज्यादा बद से बदतर स्थिति में सड़के हो चुकी है। कोई सुनने, समझने वाला नहीं है।



# नवलखा में संत सुंदरदास की प्रतिमा गायब, प्रतिमा स्थल बना मलबे का ढेर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नवलखा चौराहे स्थित संत सुंदरदास जी के प्रतिमा स्थल की हालत देखकर ऐसा लगता है मानो यहां विकास कार्य नहीं, बल्कि भूकंप आया हो। चारों ओर बिखरा मलबा, अस्त-व्यस्त परिसर और सबसे गंभीर बात—संत सुंदरदास जी की प्रतिमा ही गायब!

नगर निगम द्वारा शहर में कई प्रतिमा स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण किया गया है, लेकिन नवलखा का यह नजारा कई सवाल खड़े कर रहा है। विकास के नाम पर प्रतिमा स्थल को तहस-नहस कर दिया गया और प्रतिमा कहां गई, इसकी जानकारी तक समाज को नहीं है।



सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर संत सुंदरदास जी की प्रतिमा गई कहां? प्रतिमा हटाने का निर्णय किसने लिया, उसे कहां रखा गया है? क्या प्रतिमा हटाने से पहले समाज के प्रतिनिधियों को सूचना दी गई थी? इन सवालों का जवाब नगर निगम प्रशासन को देना चाहिए।

खंडेलवाल समाज के लोगों ने पूरे मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि संत सुंदरदास जी की प्रतिमा समाज की आस्था और गौरव से जुड़ी है। विकास कार्य के नाम पर प्रतिमा की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

समाजजनों ने मांग की है कि प्रतिमा को तत्काल खोजकर सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाए, प्रतिमा स्थल की बदहाल स्थिति को सुधारा जाए और पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

कड़ी आपत्ति जताने वालों में विवेक खंडेलवाल, निर्भय खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल, अतुल खंडेलवाल, विजय रावत, लालू खंडेलवाल, पप्पू खंडेलवाल एवं जिग्नेश खंडेलवाल शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सरयूपारिण ब्राह्मण समाज पंडित निर्मल दुबे और पंकज पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष में भी हमारे आराध्य महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती समाज द्वारा 19 अगस्त बुधवार शाम 6 बजे से संतोष सभागृह रानी सती पर मनाया जाएगी। सरजू पारी ब्राह्मण युवा संगठन के अवध नारायण शुक्ला ने बताया इस बार तुलसीदास जी की जयंती युवा संगठन के माध्यम से मनाई जाएगी साथ ही इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण जी व प्रोफेसर कवि राजीव शर्मा जी , सर्वश्रेष्ठ कवि गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित राम चरित्र मानस के साथ तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालगे साथ ही समाज के बच्चों के रामचरितमानस के पात्रों के आधारित पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजन रखा गया है। श्रीमती रश्मि तिवारी और गौतम तिवारी द्वारा बताया गया कि रामचरितमानस के महत्व के साथ इस में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जावेगा व अन्य प्रतिभागी सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा ।

### ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार एक साथ नज़र आए भारत के शीर्ष सैन्य और राष्ट्रीय सुरक्षा नेतृत्व

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस स्वतंत्रता दिवस पर डिस्कवरी चैनल डीक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दर्शकों को भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारियों, राष्ट्रीय सुरक्षा नेतृत्व, ऑपरेशनल कमांडरों और अग्रिम मोर्चे पर तैनात जवानों के अनुभवों से रूबरू करा रहा है। वास्तविक और ऐतिहासिक घटनाओं को गहराई से दिखाने की अपनी परंपरा को निभाते हुए डिस्कवरी की यह डॉक्यू- सीरीज़ अधिकारियों की ज़ुबानी यह सामने लाती है कि इस अहम ऑपरेशन के महत्वपूर्ण फैसले कैसे लिए गए और इसे कैसे अंजाम दिया गया। 15 अगस्त को डिस्कवरी चैनल पर प्रसारण के बाद, दो भागों की यह डॉक्यू-सीरीज़ अब डिस्कवरी+ एप पर देखने के लिए उपलब्ध है।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एक साथ आए जावा, येज़्दी और बीएसए के 2,000 राइडर्स

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, जावा, येज़्दी और बीएसए राइडर्स ने नोमैड्स के बैनर तले देशभर में आयोजित राइड्स में हिस्सा लिया। इस पहल ने स्वतंत्रता की उस भावना का जश्न मनाया, जो मोटरसाइकिलिंग के मूल में बसी है। स्वतंत्रता दिवस की इस राइड ने 150 डीलरशिप्स के माध्यम से 2,000 से अधिक राइडर्स को एक साथ जोड़ा। ये राइडर्स अलग-अलग पृष्ठभूमि, उम्र और राइडिंग शैलियों से जुड़े थे। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और उस साझा जुनून को प्रदर्शित किया, जो जावा, येज़्दी और बीएसए कम्युनिटी के राइडर्स को आपस में जोड़े रखता है।



## योग संगनी महिलाग्रुपऔर परशुराम वाटिकागार्डन ग्रुप ने मिलकर फहराया तिरंगा, धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 15 अगस्त के पावन अवसर पर योग संगनी ग्रुप और गार्डन ग्रुप के सदस्यों ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया। इस दौरान मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में गार्डन ग्रुप और योग ग्रुप की ओर से इंद्रजीत सिंह तोमर, दीपक सिसोदिया, योगेंद्र चौहान, राठौर साहब, राजपूत जी और महेंद्र कौशल की प्रमुख उपस्थिति रही। वहीं, योग संगनी ग्रुप की गुरु रुचि सबरवाल एवं योग गुरु जाधव जी के मार्गदर्शन में योग संगनी की सभी संगनियों ने समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह के दौरान देशभक्ति गीतों और विचारों के आदान-प्रदान से पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम के रंगों में रंग गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने देश की अखंडता, स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### सूरज विज़न एंड डेंटल सेंटर ने पेश किया स्कैनओ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर 17 अगस्त 2026। सूरज विज़न एंड डेंटल सेंटर ने आज इंदौर में स्कैनओ लॉन्च किया। स्कैनओ एक अत्याधुनिक एआई संचालित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो जो मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल को सरल, सुलभ और दैनिक प्राथमिकता बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। इस सुविधा का उद्घाटन ए सी पी श्री राजेश दंडोतिया ने किया। स्कैनओ – भारत में बना, दुनिया के लिए' एक ऐसा टेक्निकल इनोवेशन है जो समाज के हरेक व्यक्ति के मुंह के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प है।



### मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने भी 25 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सोपा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय मजदूर संघ के आव्हान पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने भी 25 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन एवम प्रमुख सचिव महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम कलेक्टर ऑफिस इन्दौर में एसडीएम धनशयाम धनगर को ज्ञापन सोपा गया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ इन्दौर के जिला अध्यक्ष बालमुकुन्द गौड़ जी जिला सचिव हिमांशुचंद तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष शिववीर सिह भदोरिया केकेआर्य देवेन्द्र रघुवंशी एवम इन्दौर ब्लॉक अध्यक्ष गुंजन सिंह अनुज दुवे एवम भारतीय मजदूर संघ के इन्दौर धार के विभाग प्रमुख श्री मुरारी राठौरजी भारतीय मज़दूर संघ के जिला अध्यक्ष केदार यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### मां के नाम लगाया पौधा, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत श्रीकृष्ण एवेन्यू फेस-थ्री, लिम्बोदी स्थित साईं मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था वरेण्यम समाज कल्याण समिति के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम फेस-थ्री परिवार के सक्रिय साथी एवं पत्रकार नारायण जोशी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र व्यास, टास्क मैनेजर दरियाव सिंह सूर्यवंशी, जिला समन्वयक ऋतुजा पहाड़े एवं विकासखंड समन्वयक प्रवेश शर्मा की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया।

## क्वींस कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● क्वींस कॉलेज परिसर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर मालविका रावत, भारतीय सेना की अधिकारी, द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।



इसके पश्चात् मुख्य अतिथि मेजर मालविका रावत एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वर्षा जैन ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत की आवपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद आरना मंत्री ने 'आज़ादी से आत्मनिर्भर भारत तक आर्थिक आत्मनिर्भरता की यात्रा' विषय पर प्रभावशाली हिंदी भाषण प्रस्तुत किया। वहीं अंग्रेज़ी भाषण में 'छोटे कार्य, महान राष्ट्र कैसे आम नागरिक असाधारण देश बनाते हैं' विषय के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य ने अपनी मनमोहक आव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं 'छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य ने भारतीय लोकसंस्कृति की समृद्ध विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान पर आधारित 'नृत्य नाटिका कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

## बिजली सेवाओं के प्रति गंभीरता से कार्य करने के निर्देश

### प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने इंदौर समेत चार जिलों के अधिकारियों की मिटिंग ली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार दोपहर इंदौर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर जिले के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि बिजली सेवाओं के प्रति अधिकारी, कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें, सेवाओं को लेकर लंबित अवस्था निर्मित न हो, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहे।



श्री सिंह ने नए कनेक्शन, बिलों को त्रुटिरहित जारी करने, स्मार्ट मीटर परियोजना संबंधी कार्य, विजिलेंस संबंधित कार्य, वी कनेक्ट एप, ऊर्जस एप इत्यादि को लेकर जानकारी ली व समय पर कार्य कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि बिजली आपूर्ति गुणवत्ता के साथ की जाए, साथ ही जारी देयकों का राजस्व संग्रहण भी समय किया जाए। इससे बिलों में पुरानी राशि एकत्र नहीं होगी, माह विशेष का देयक भुगतान में उपभोक्ताओं को आसानी होगी। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अगस्त में ही संपर्क कर बिल राशि जमा कराने के लिए अभियान चलाने को कहा। श्री सिंह ने कहा कि जहां भी मौसमी कारणों से विद्युत अवरोध की स्थिति निर्मित हो, वहां ज्यादा कार्मिक लगाकर कम समय में आपूर्ति बहाली की हरसंभव कोशिश की जाए।

## बाईपास स्थित रेस्टोरेंट की खाद्य अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट, अमानकता एवं अस्वच्छ परिस्थितियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशन मे एवं शिवम वर्मा कलेक्टर इंदौर के मार्गदर्शन मे लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था एवं अनुज्ञप्ति की शर्तों के पालन की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा ष्टरू हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर बाईपास स्थित रेस्टोरेंट Adam Ale का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी गंभीर कमियां पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान परिसर के स्टोर रूम में 10 से अधिक एक्सपायर्ड खाद्य उत्पाद पाए गए। इसके अतिरिक्त परिसर में संग्रहित पिस्ता, मिर्च पाउडर एवं सौंफ में कीड़े पाए गए। खाद्य पदार्थों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई। साथ ही खाद्य निर्माण एवं हैंडलिंग में कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए।

### मुख्यमंत्री आज श्री गुरू रविदास समरसता संकल्प अभियान का करेंगे शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश व्यापी समरसता संकल्प अभियान व कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए पावन कलश रवाना किए जाएंगे। रविदास जयंती के अवसर पर प्रदेश में उनके जीवन-दर्शन और समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य व्यापी समरसता संकल्प अभियान व यात्रा का आयोजन आज से किया जायेगा।

## रबी फसल के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन, पैक्स सदस्यता और अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रबी वर्ष 2026-27 में किसानों को फसल के लिए आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने, एग्रीस्टेक के अंतर्गत किसान फार्मर आईडी पूर्ण कराने, अधिक से अधिक किसानों को पैक्स का सदस्य बनाने तथा अग्रिम उर्वरक उठाव के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 20 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक संचालित होगा। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में ग्राम पंचायत, पैक्स एवं जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर किसानों को योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान का प्रमुख उद्देश्य रबी फसल के लिए उर्वरक की संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके तहत किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन, पैक्स सदस्यता और अग्रिम उर्वरक उठाव के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्य एवं केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंदौर जिले के अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार को सम्मानित किया गया।

# देपालपुर में उषा ठाकुर की एंट्री, राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चा

## विधायक पटेल के खास समर्थकों की घर पहुंची ठाकुर

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

देपालपुर विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक गलियारों में हमेशा चर्चा का केंद्र बना रहता है। भाजपा में कब क्या हो जाए यह किसी को पता नहीं रहता है।

क्योंकि देपालपुर में भाजपा नेताओं की एक लंबी कतार है। शिवराज सिंह से लेकर कैलाश विजयवर्गी, नरेंद्र सिंह तोमर, जीवन सिंह शेरपुर, के समर्थक देपालपुर से राजनीति कर रहे हैं। लेकिन देपालपुर की राजनीति का बाजार उस समय गर्म हो गया. तब महू की विधायक दीदी उषा ठाकुर अचानक 15 अगस्त के दिन देपालपुर पहुंची और विधायक मनोज पटेल के खास समर्थकों के घर शोक संवेदना में शामिल हुई इतना ही नहीं उनके साथ मनोज पटेल के विधानसभा



चुनाव में चुनाव प्रभारी रहे हैं। वीरेंद्र सिंह अंजना भी देपालपुर में उषा ठाकुर के साथ मौजूद रहे। जानकारी में पता चला दीदी सबसे पहले जिला पंचायत उपाध्यक्ष भरत पटेल के निवास पर शोक संवेदना में पहुंची वही जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमान सिंह पवार के निवास पर भी शोक संवेदना में शामिल हुई इतना ही नहीं हिंदू जागरण मंच के नेता रमेश जाट और भाजपा नेता दौलत धाकड़ के निवास पर भी उन्होंने मुलाकात की लेकिन देपालपुर की राजनीति में उस समय खलबली मच गई तब विधायक उषा ठाकुर ने पांच अलग-अलग समाजो को साधने का प्रयास किया कलोता, राजपूत, धाकड़, जाट समाज का देपालपुर में बड़ा वर्चस्व है। इतना ही नहीं देपालपुर दौरे के बाद दीदी ने अपने फेसबुक अकाउंट से देपालपुर के भाजपा नेताओं की फोटो साझा की सबसे ज्यादा चर्चा विधायक पटेल के चुनाव प्रभारी रहे वीरेंद्र सिंह अंजना की हो रही है। क्योंकि दीदी को देपालपुर लेकर वीरेंद्र सिंह अंजना ही आए थे और सूत्र बताते हैं कि विधायक पटेल और अंजना की पटरी आपस में नहीं बैठती है। क्या विधायक उषा ठाकुर देपालपुर में अपनी नई जमीन तलाश करने की कोशिश कर रही है या फिर यह दौरा सिर्फ शोक संवेदना प्रकट करने तक ही सीमित था।

# खाद्य वितरण अधिकारी का किसानों के साथ अभद्र व्यवहार

## कागज पूरे होने के बावजूद भी खाद देने में कर रहे आनाकानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● मध्य प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार नए-नए फैसले ले रही है। किसानों को खाद बीज खरीदने में कोई तकलीफ ना आए इसी को लेकर सरकार ने खाद टोकन व्यवस्था प्रणाली को बंद किया है। यह फैसला सरकार ने किसानों के हित में लिया है। लेकिन सरकार के कुछ अधिकारी कर्मचारी शासन प्रशासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।

जानकारी में पीड़ित किसान विनोद सोलंकी ने बताया कि कल वह तकि पूरा खाद्य भंडारण केंद्र खाद लेने पहुंचे कागज पूरे होने के बावजूद भी अधिकारियों ने एक घंटे तक उन्हें लाइन में खड़े रखा उसके बावजूद भी नंबर आया तो ओटीपी की समस्या बताते हुए पीड़ित को खाद नहीं दिया गया कही बार निवेदन करने के बावजूद भी अधिकारी और कर्मचारी एक



किसान पर रोप झाड़ते दिखाई दिए वहां खड़े किसान भी यह नजारा देखते रहे इतना ही नहीं आए दिन अधिकारियों का व्यवहार किसानों के साथ अभद्रता का रहता है। किसान सोचता है मुझे किसी तरह खाद मिल जाए अधिकारी कर्मचारियों से कौन विवाद करें लेकिन हद तो तब हो गई एक किसान कई घंटों तक लाइन में खड़ा रहा उसके बावजूद भी खाद नहीं दिया गया। विश्वसनीय सूत्र बताते कि अधिकारी सेटिंग से खाद वितरण का काम कर रहे हैं। अपनी जान पहचान और मिलने जुलने वालों को समय देकर बुलाया जाता और उन्हें खाद वितरण किया जाता है। कल की घटना से किसानों में आक्रोश की लहर है किसान नेताओं ने कहा है कि खाद वितरण अधिकारी अपना रवैया या अपनी भाषा शैली नहीं सुधारते हैं तो हम उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे किसानों के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को लेकर देपालपुर एसडीएम को शिकायत भी दर्ज कराएंगे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

न्यूज़ ब्रीफ

## हंसदास मठ पर हंसेश्वर महादेव का नागचंद्रेश्वर के रूप में किया श्रृंगार

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एरोड्रम रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावण के तीसरे सोमवार एवं नाग पंचमी के अवसर पर हंसेश्वर महादेव का नागचंद्रेश्वर के रूप में आकर्षक और मनोहारी श्रृंगार किया गया जिसके दर्शनार्थ देर शाम तक मठ परिसर में भक्तों का मेला जुटा रहा। झांकी में उज्जैन के इकलौते नागचंद्रेश्वर मंदिर में स्थापित प्रतिमा के रूप में यहाँ भी भगवान नागचंद्रेश्वर का श्रृंगार किया गया।

## गीता भवन में शिवजी का रुद्राभिषेक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● श्रावण के तीसरे सोमवार को गीता भवन में पांच विद्वान ब्राह्मणों ने आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के सानिध्य में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया। श्रावण के पूरे माह में गीता भवन पर अनेक अनुष्ठान चल रहे हैं। प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी पहले सोमवार से जारी है। भक्तों के दर्शनार्थ गीता भवन स्थित प्रमुख देवालयों का विशेष श्रृंगार कर आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा की गई है। रुद्राभिषेक में ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल, दिनेश मित्तल, हरीश माहेश्वरी सहित ट्रस्ट मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## कांटाफोड़ शिव मंदिर पर रजत मंडित गर्भ गृह में विराजित श्रीनाथजी के दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर श्रावण मास के तृतीय सोमवार पर संध्या को बाबा भोलेनाथ का भगवान श्रीनाथजी के रूप में मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंदिर के रजत मंडित गर्भ गृह में पांच क्विंटल फूलों से किया गया दिव्य और मनोहारी श्रृंगार देखने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि समाजसेवी पवन सिंघानिया मोयरा, अनूप अग्रवाल हाईवे के आतिथ्य में शाम को आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और समूचे अंचल में सुखद वर्षा के लिए प्रार्थना की। श्री हरी भजन मंडल के सदस्यों ने रात्रि में भजन संध्या के माध्यम से भगवान भोलेनाथ की आराधना का ऐसा समां बाँधा कि हर कोई नाच उठा।

## क्षत्राणी श्रृंगार महोत्सव के तहत 20-21 को सतरंगी प्रदर्शनी का अनूठा आयोजन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● क्षत्राणी श्रृंगार महोत्सव के अंतर्गत श्रावण मास के उपलक्ष्य में सतरंगी प्रदर्शनी का अनूठा आयोजन 20-21 अगस्त को रिंग रोड होटल इनफिनिटी पर किया जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से चंद्राजीत जादौन, रंजना राणावत एवं भावना चौहान ने बताया कि दोनों दिन, प्रदर्शनी सुबह 10 से रात 10 बजे तक निशुल्क खुली रहेगी जिसमें फैशन की दुनिया में आ रहे नूतन बदलाव से लेकर जीवन शैली को ध्यान में रखते हुए त्योहारी बेला में उपयोग करने लायक नए और आकर्षक गहनों तथा घर परिवार में काम आने वाली वस्तुओं के साथ ही परम्परागत वस्त्रों की भी प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसमें राजपूताना परम्परा और संस्कृति का समन्वय भी देखने को मिलेगा। निश्चित ही यह एक यादगार आयोजन होगा जिसमें क्षत्राणी बहनों द्वारा डिजाईन किए गए सभी तरह के वस्त्र किफायती दामों पर उपलब्ध रहेंगे। पिछले वर्ष भी बहनों ने इस तरह की प्रदर्शिनी लगाई थी जो काफी प्रभावी और आकर्षक साबित हुई थी।

# कमिश्नर ने एजेंसी को फटकार, निगम की नई बिल्डिंग का काम देखा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नगर निगम की नई बिल्डिंग में किए जा रहे कामों की निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सोमवार को जमीनी हकीकत देखी। ग्राउंड फ्लोर पर वॉटर टैंक और कनेक्टिविटी रोड के काम में देरी मिलने पर निगम कमिश्नर ने संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को फटकार लगाई और काम में तेजी लाने को कहा। निगम कमिश्नर ने नई बिल्डिंग भवन के बेसमेंट और भूतल का निरीक्षण कर वॉटर टैंक और सड़क निर्माण की प्रोग्रेस देखी। उन्होंने कहा कि भवन से जुड़ी कनेक्टिविटी रोड का काम भी तेजी से पूरा किया जाए, ताकि पूरे परिसर का उपयोग शुरू किया जा सके। इसके बाद भूतल, दूसरी और तीसरी मंजिल पर चल रहे कामों का जायजा लिया।

यहां बचे हुए सिविल वर्क, रंगाई-पुताई, फायर सेफ्टी, साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था और पार्टिशन सहित अन्य कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को बोला। गए। आयुक्त ने भूतल, दूसरी और तीसरी मंजिल पर निगम के विभिन्न विभागों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इनमें जनकार्य विभाग, लेखा विभाग, पेंशन विभाग, सीवरेज विभाग और लीज शाखा सहित अन्य विभाग शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागों के स्थानांतरण के लिए जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं, ताकि नए भवन का उपयोग जल्द शुरू हो सके। निगम



कमिश्नर ने नई बिल्डिंग में पर्याप्त फायर सेफ्टी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा साथ ही पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने पर भी जोर दिया।

### सफाई व्यवस्था भी चेक की

निगम कमिश्नर ने शहर की सफाई व्यवस्था भी चेक की। उन्होंने जीपीओ चौराहा, एबी रोड, बंगाली चौराहा, सपना-संगीता, टॉवर चौराहा, कलेक्टर चौराहा, महूनाका चौराहा, विदूर नगर, गोंदवले धाम, फूटीकोठी चौराहा, हवा बंगला चौराहा सहित अन्य इलाको में सफाई व्यवस्था देखी। निगम कमिश्नर ने क्षेत्रीय सीएसआई श्याम मांडेकर व दरोगा बलराम सिरसिया की 2-2 दिन की सैलरी काटने को कहा। वहीं विदुर नगर व आसपास के इलाके में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर सीएसआई मनीषचंद्र सिंह व दरोगा अवधेश गौहर की भी 2-2 दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए। उन्होंने बंगाली ब्रिज के नीचे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए भी कहा। साथ ही जोनल अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारियों को कहा कि रोड किनारे फुटपाथ पर व्यापारी-दुकानदार को सामान रखने से रोके, ताकि की रोड पर आवागमन सुचारू किया जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए।

# मप्र ने उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बनाई मजबूत पहचान : सीएम डॉ. यादव

**निवेशकों का विश्वास जीतने का परिणाम, बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश आ रहे निवेशक**

**पीएम मित्र पार्क से लेकर जीआईएस तक, मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को मिल रही नई गति**

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट की एपेक्स मॉनिटरिंग अथॉरिटी की तीसरी बैठक में सहभागिता की। बैठक में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री एवं एपेक्स मॉनिटरिंग अथॉरिटी की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार लाहिरी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्य मंत्रियों, उद्योग मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गौरव और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिली है और मध्यप्रदेश भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग एवं निवेश के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने बहुत अच्छा काम किया है। राज्य में निवेश के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया गया है और सरकार ने उद्योग जगत का विश्वास जीतने में सफलता प्राप्त की है। यही विश्वास आज बड़ी संख्या में निवेशकों को मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को बेहतर अधोसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं और अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो, जिससे निवेश प्रस्ताव तेजी से धरातल पर उतरें।

# शा. कन्या मा.वि. विनोबा नगर में आजादी का महापर्व 80 वे स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उमंग उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● देश के 80 वे स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के आतिथ्य में संपन्न हुआ उक्त अवसर पर माता सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर तत्पश्चात ध्वज वंदन क्षेत्र के गणमान्य अतिथि कमलेश महंत, राजकुमार बोरासी, जयदेव केथवास एवं विद्यालय के पालक शिक्षक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी कैथवास द्वारा ध्वज को सलामी देकर ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती प्रीति गुप्ता एवं सह प्रभारी श्रीमती आराधना उपाध्याय के साथ ही स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का पुष्पमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न आजादी के महोत्सव पर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के आलोक परमार, श्रीमती मंजू चौहान, श्रीमती नीता आचार्य, श्रीमती उमा पाठक, श्रीमती पूजा पाल एवं संजय विजयवर्गीय, के साथ श्रीमति सपना एवं मधु भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन आलोक परमार एवं आभार विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीता आचार्य द्वारा किया गया।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से अटेंड कर समय-सीमा में करे निराकृत -कलेक्टर

**लापरवाही पर अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों सहित शासन की रोजगारमूलक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों से संबंधित प्रकरणों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक आवेदन को अनिवार्य रूप से अटेंड करते हुए उसके निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने अथवा निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में विभाग से संबंधित जानकारी संतुष्टिपूर्वक प्रस्तुत नहीं करने पर वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री सुभाष शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि टी.एल. बैठक में मांगी गई जानकारी अद्यतन एवं तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत की जाए तथा विभागीय अधिकारी अपने-अपने



विभाग से संबंधित लंबित मामलों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा** - कलेक्टर शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से अटेंड किया जाए और शिकायतकर्ता से आवश्यकतानुसार संपर्क कर उसकी समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। केवल औपचारिक रूप से शिकायत बंद नहीं की जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए।

## अन्नपूर्णा आश्रम पर सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ की शरण में पहुंचे शेषनाग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर के पश्चिमी क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर श्रावण मास में 11 विद्वान पंडितों द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में लघु रूद्र एवं सहस्त्रार्चन अनुष्ठान जारी है। आश्रम के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि तीसरे सोमवार को भगवान काशी विश्वनाथ के सहस्त्रार्चन के साथ ही मुख्य मंदिर पर फूलों, पत्तियों एवं रंगीन गुब्बारों, बर्फ, रूई आदि से भगवान भोलेनाथ की शरण में फन फैलाए पहुंचे शेषनाग के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान शिव का सहस्त्रार्चन भी किया गया। प्रमुख मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के ट्रस्टी श्याम सिंघल ने बताया कि आश्रम स्थित शिव मंदिर पर तीसरे सोमवार को सुबह से देर शाम तक भक्तों की कतारें लगी रही।

## एमपी ट्रांसको शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन ने हासिल की राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते हुए राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी हासिल की है। यह सम्मान वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, दक्षता, कार्यकुशलता एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में कार्यपालन अभियंता श्री अजीत वर्मा ने शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन की ओर से यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया । पुरस्कार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी एवं समारोह के विशेष अतिथि एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक तथा ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ श्री स्वराज शर्मा ने प्रदान की।

शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन को यह उपलब्धि प्रदेश के 45 सभी ट्रांसमिशन टेस्टिंग डिवीजनों के बीच नियमित तकनीकी कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सतत प्रशिक्षण, कार्यकुशलता एवं तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्राप्त हुई है। डिवीजन द्वारा अपने नियमित परीक्षण एवं तकनीकी दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के साथ कर्मचारियों के कौशल विकास और सतत प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी मूल्यांकन के दौरान विशेष महत्व मिला।

## संवाद और जीवन की दिशा पहचानने का स्थान - सुधासागर म.सा.

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मंदिर केवल हमारे लिए आने-जाने या घूमने-फिरने का स्थान नहीं बल्कि भगवान से आत्मीय संवाद करने और अपने जीवन की दिशा पहचानने का स्थान है। जैसे बाँध पानी के नीचे की ओर बहते प्रवाह को रोककर उसकी शक्ति को ऊर्जावान दिशा देता है। वैसे ही संयम भी हमारी नीचे की ओर बहने वाली इन्द्रिय शक्ति और वासनाओं को रोककर आत्मिक ऊर्जा को उर्ध्वमुखी बनाता है। ये दिव्य विचार हैं संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सोमवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास के दौरान उपस्थित देशभर से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच का संचालन अर्चना-दिलीप गोधा ने किया और आभार माना आकाश जैन कोयला ने।

## संतों के सानिध्य में सात सेवाभावी बंधु मोहनलाल अलंकरण से सम्मानित

**इंदौर** ● श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा अपने संस्थापक ब्रह्मलीन मोहनलाल सोनी के द्वितीय पुण्य स्मरण प्रसंग पर उनके नाम पर स्थापित अलंकरण से 7 ऐसे समर्पित सेवाभावी बंधुओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने पिछले अनेक वर्षों से सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अखंड धाम आश्रम पर अलंकरण समारोह में महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप, सदगुरु अण्णा महाराज, महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य इन विभूतियों का सम्मान किया गया।

### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सार्वजनिक जाहिर किया जाता है की ग्राम बोरी जनपद पंचायत उदयगढ़ तहसील जोबट जिला अलिराजपुर मे सदर बाजार स्थित मकान जो की 30 बाय 125 फिट होकर वर्तमान मे श्रीमती सागर बाई बेवा स्व श्री फौजमल जी गांधी के नाम से शासकीय रिकॉर्ड दर्ज है। जिस पर मेरे द्वारा स्व श्री फौजमल जी गांधी के पुत्र होने की हैसियत से पार्टिशन डीड संबंधित उप पंजीयक कार्यालय मे प्रस्तावित किया गया है। उक्त मामले मे किसी भी सज्जन को कोई भी दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मुझे या उप पंजीयक कार्यालय जोबट को लिखित रूप से प्रेषित करें।

हिम्मत गांधी पिता स्व
श्री फौजमल जी गांधी
मो.न.07987135025
दिनांक 18/08/2026

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# सम्पादकीय

## ॥ दुनियादारी और धुएँ की शिकायत ॥

कहा जाता है- 'आग लगाने के बाद धुएँ की शिकायत इसी को दुनियादारी कहते हैं।' यह वाक्य केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि जीवन का कड़वा सत्य है। समाज में अक्सर वही लोग, जो समस्याओं की जड़ होते हैं, बाद में सबसे पहले उसकी शिकायत लेकर सामने आते हैं। आज के समय में यह विडंबना हर स्तर पर दिखाई देती है। घर से लेकर समाज तक, राजनीति से लेकर व्यक्तिगत रिश्तों तक-हर जगह आग लगाने वाले और धुएँ से घुटन की पुकार करने वाले लोग मिल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में उदाहरण- रिश्तों की सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम स्वयं संवादहीनता, कटु वचन और अहंकार की आग लगाते हैं। पति-पत्नी, माता-पिता और संतान या मित्रों के बीच, अक्सर संबंध टूटने की शुरुआत हमारे व्यवहार से होती है। हम कटुता का बीज बोते हैं और जब रिश्तों की दीवारें दरकने लगती हैं, तो सबसे पहले हम ही 'समझ नहीं आता, आजकल के रिश्तों में अपनापन क्यों नहीं है' की शिकायत करते हैं। सच तो यह है कि धुआँ हमारे ही लगाए हुए आग का परिणाम होता है। समाज और राजनीति में- समाज की अव्यवस्था भी इसी मानसिकता की उपज है। भ्रष्टाचार, हिंसा, अन्याय, असमानता-ये सब उसी आग की लपटें हैं जो हमने या हमारे जैसे ही लोगों ने जलाई हैं। परंतु जब यही अन्याय हमारे घर तक पहुँचता है, जब यही हिंसा हमारे बच्चों को निगलने लगती है, तब हम शोर मचाने लगते हैं कि 'समाज बिगड़ गया है।' क्या हमने कभी सोचा कि समाज बिगड़ा कैसे? किसी ने रिश्वत दी, किसी ने स्वीकार की। किसी ने अन्याय देखा और चुप्पी साध ली।किसी ने गलत को गलत कहने की हिम्मत नहीं दिखाई। आग हमने सबने मिलकर लगाई, और अब धुएँ की शिकायत कर रहे हैं। पर्यावरण और प्रकृति के संदर्भ में- पर्यावरण की समस्या आज सबसे बड़ी त्रासदी है। जंगल काटकर हमने स्वयं आग लगाई, प्रदूषण फैलाकर हमने स्वयं धुआँ उठाया, और अब हम घुटन की शिकायत कर रहे हैं- 'हवा दूषित हो गई है, जल संकट बढ़ गया है, धरती तप रही है।' क्या यह वही दुनियादारी नहीं है? जिस धरती को हमने स्वयं खोखला किया, आज उसी धरती की पीड़ा का रोना रो रहे हैं। आग लगाने के बाद धुएँ की शिकायत करना केवल दुनियादारी नहीं, बल्कि आत्मप्रवंचना है। हमें यह स्वीकार करने का साहस होना चाहिए कि समस्याओं की जड़ कहीं बाहर नहीं, हमारे भीतर है। यदि हम सचमुच शिकायत करना चाहते हैं, तो पहले अपने आचरण, अपने कर्म और अपने योगदान को देखना होगा। समस्याएँ तभी कम होंगी जब हम दूसरों को दोष देने की बजाय स्वयं को सुधारेंगे। अंत में यही कहा जा सकता है कि दुनियादारी की यह विडंबना हमें आत्मचिंतन के लिए बाध्य करती है। अगर हम सच में धुएँ से बचना चाहते हैं, तो आग लगाना बंद करना होगा!!



सतीश शर्मा

# आस्था का मंदिर क्यों बन जाता है 'मौत का कुआँ'?

सभ्यता के विकास के साथ ही भारत में मंदिर, चेतना और आध्यात्मिक शांति के सर्वोच्च केंद्र रहे हैं। जब एक आम श्रद्धालु अपने घर से किसी भी तीर्थस्थल की ओर कदम बढ़ाता है, तो उसके मन में केवल अगाध श्रद्धा, आत्मिक संतोष और ईश्वर के दर्शन की लालसा होती है। लेकिन क्या वजह है कि हाल के वर्षों में भारत के, और विशेषकर बिहार के पवित्र धार्मिक परिसर अचानक 'मौत के कुएँ' में तब्दील हो जाते हैं? क्यों आस्था के जयकारों के बीच अचानक चीखें, रुदन और अपनों को खोने का हाहाकार गूंजने लगता है? बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में सावन के पावन महीने में घटित हुई ताज़ा विभीषिका ने एक बार फिर हमारी व्यवस्था के खोखलेपन, प्रशासनिक ढुलमुल रवैये और आपदा प्रबंधन के दावों की धज्जियाँ उड़ाकर रख दी हैं। एक ऐसे समय में जब विज्ञान और तकनीकी प्रबंधन के जरिए दुनिया लाखों-करोड़ों की भीड़ को उंगली पर नचा सकती है, हमारे यहाँ त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर उमड़ने वाली भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। यह हादसा कोई पहला नहीं है और न ही अप्रत्याशित है; यह उन दर्जनों चेतावनियों की कड़वी कड़ी है जिन्हें नजरअंदाज करने की हमें आत्मघाती आदत हो चुकी है।

सावन मास के तीसरे सोमवार की सुबह, जब पूरा देश सूर्योदय के साथ महादेव के जलाभिषेक की तैयारी कर रहा था, लखीसराय का इंद्रदमनेश्वर महादेव (अशोकधाम) मंदिर परिसर चीखों से दहल उठा। सावन के इस पवित्र सोमवार पर बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए करीब 50,000 श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंदिर परिसर खचाखच भरा हुआ था, कतारें किलोमीटर लंबी थीं और प्रशासनिक चौकसी सिर्फ कागजों तक सीमित थी। सुबह करीब 6:30 से 6:45 के बीच जब यह हादसा हुआ, तो इसके कारणों को लेकर प्रशासन और ज़मीनी हकीकत यानी चश्मदीदों के बयानों में एक बड़ा विरोधाभास देखने को मिला।

लखीसराय के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार और पुलिस प्रशासन का तर्क है कि सुबह के समय दो स्थानीय रेलगाड़ियों के अशोकधाम हॉल्ट पर पहुँचने से श्रद्धालुओं का दबाव अचानक अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया था। प्रशासन के अनुसार, पुरुषों की कतार के दाहिनी ओर स्थित एक बिजली का खंभा अचानक गिर गया, जिससे भीड़ में यह अफवाह फैल गई कि कतार पर बिजली का चालू तार गिर गया है, जबकि वह केवल एक केबल वायर था। इसी अफवाह के बीच कुछ युवकों ने जबरन आगे बढ़ने की कोशिश में बैरिकेडिंग तोड़ दी, जिससे कतार में खड़ी महिलाएं एक-दूसरे के ऊपर गिर गईं और भगदड़ मच गई। इस भीषण कुप्रबंधन और हादसे में 8



श्रद्धालुओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 12 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारे गए लोगों में महिलाओं की संख्या अधिक थी, जो कतारों में खड़ी थीं। इस पूरी घटना ने यह साफ कर दिया कि जब बुनियादी बिजली सुरक्षा, बैरिकेडिंग की मजबूती और भीड़ नियंत्रण जैसे प्राथमिक इंतजाम ही दुरुस्त न हों, तो प्रशासनिक दावों की पोल खुलने में चंद सेकंड ही लगते हैं।

लखीसराय की यह त्रासदी कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि बिहार में पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के मोर्चे पर हुई आपराधिक लापरवाहियों का एक लंबा और खूनी इतिहास रहा है। यदि हम अतीत के पन्नों को पलटें, तो पाएंगे कि हर हादसे का ढर्रा बिल्कुल एक जैसा रहा है—भीड़ का अत्यधिक जुटना, किसी अफवाह या दुर्घटना का होना, और अंततः प्रशासन का लाचार होकर हाथ खड़े कर देना। उदाहरण के लिए, 12 अगस्त 2024 को जहानाबाद जिले के मखदूमपुर में स्थित बराबर पहाड़ी पर बने प्राचीन बाबा सिद्धनाथ मंदिर में ऐसी ही एक भयावह भगदड़ मची थी। सावन के सोमवार के अवसर पर ही आधी रात के बाद करीब 1:00 से 1:30 बजे के बीच यह हादसा हुआ था। पहाड़ी की संकरी सीढ़ियों और रास्तों पर हज़ारों श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए ऊपर चढ़ रहे थे, जबकि दर्शन कर चुके सैकड़ों लोग नीचे उतर रहे थे। आने और जाने का रास्ता एक होने और बेहद संकरा होने के कारण दबाव पहले से ही चरम पर था। इसी बीच स्थानीय फूल विक्रेताओं के बीच किसी बात को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट हो गई, जिसे भीड़ ने पुलिस का लाठीचार्ज समझ लिया। इस एक अफवाह ने पहाड़ी पर मौत का तांडव शुरू कर दिया और लोग अंधेरे में संकरी सीढ़ियों पर एक-दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे, जिससे 7 निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली गई थी।

इसी तरह, चैत्र मास के आखिरी मंगलवार यानी 31 मार्च 2026 को नालंदा जिले के बिहार शरीफ के मघरा इलाके में स्थित माँ शीतला माता मंदिर में एक और हृदयविदारक घटना घटी थी। शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर सुबह-सुबह भारी संख्या में महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए जुटी थीं। भोर से ही मंदिर प्रांगण में महिलाओं की कतारें लगी थीं और अचानक अत्यधिक भीड़ व कुप्रबंधन की वजह से अफरा-तफरी मच गई। सैकड़ों लोग एक क्षण में नियंत्रण खो बैठे और देखते ही देखते भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। चश्मदीदों ने यहाँ भी प्रशासन की विफलता और पुलिस बल की भारी कमी को हादसे का ज़िम्मेदार ठहराया था, जिसके कारण 8 महिलाओं की कुचलने और दम घुटने से मौत हो गई थी। सुरक्षा में चूक और भीड़ नियंत्रण के अभाव का एक और वीभत्स उदाहरण अक्टूबर 2023 में महा नवमी की रात को गोपालगंज में देखने को मिला था। वहाँ के प्रसिद्ध राजा दल दुर्गा पूजा पंडाल में भारी संख्या में दर्शनार्थी उमड़े थे। पंडाल के मुख्य द्वार पर अत्यधिक भीड़ हो जाने और प्रवेश व निकास की सही व्यवस्था न होने के कारण अचानक भगदड़ मच गई थी। पुलिस की प्राथमिक जाँच में स्पष्ट हुआ था कि उस विशाल और संवेदनशील पंडाल के गेट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं की गई थी, जिसके चलते दो महिलाओं और एक मासूम बच्चे की कुचलकर मौत हो गई थी।

इन सभी पुरानी और नई घटनाओं का बारीकी से विश्लेषण करने पर कुछ ऐसे साझा और गंभीर कारण उभरकर सामने आते हैं, जो यह साबित करते हैं कि ये मौतें प्राकृतिक आपदाएं नहीं, बल्कि प्रशासनिक और ढांचागत विफलताओं के कारण हुए 'मानव-निर्मित अपराध' हैं।

इसके अलावा, किसी भी भीड़भाड़ वाले स्थान पर एक छोटी सी अफवाह बारूद में चिंगारी का काम करती है। जब अफवाह फैलती है, तो लोगों में जान बचाने के लिए भागने की स्थिति बन जाती है। ऐसे समय में भीड़ को शांत करने के लिए मंदिरों में न तो कोई प्रभावी लाउडस्पीकर सिस्टम होता है और ना ही प्रशासन तुरंत घोषणाएं करके स्थिति को संभालता है। साथ ही, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड और स्थानीय जिला प्रशासन के बीच अक्सर जिम्मेदारी को लेकर खींचतान चलती रहती है। मंदिर समितियां अपनी कमाई और चढ़ावे पर तो पूरा नियंत्रण रखती हैं, लेकिन जब बात बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था या सीसीटीवी कैमरे लगाने की आती है, तो वे सारा जिम्मा पुलिस-प्रशासन पर मढ़ देती हैं।

धार्मिक स्थलों पर हादसों का एक और छिपा हुआ लेकिन कड़वा सच 'वीआईपी संस्कृति' है। जब आम श्रद्धालु घंटों भूखे-प्यासे कतारों में खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे होते हैं, तब प्रशासनिक अमला और मंदिर के रसूखदार लोग वीआईपी दर्शन कराने में व्यस्त होते हैं। इस चक्कर में आम कतारों को रोक दिया जाता है, जिससे पीछे से आ रही भीड़ का दबाव आगे की कतारों पर असहनीय हो जाता है।

यदि हम वास्तव में चाहते हैं कि भविष्य में कोई भी मंदिर, पंडाल या तीर्थस्थल 'मौत का कुआँ' न बने, तो हमें तात्कालिक लीपापोती से ऊपर उठकर कड़े और ठोस संरचनात्मक सुधार करने होंगे। इसके लिए सबसे पहले अनिवार्य डिजिटल पास और रियल-टाइम हेड-काउंट सिस्टम लागू करना होगा। जैसे अमरनाथ यात्रा या तिरुपति बालाजी में दर्शन की एक निश्चित संख्या तय होती है, वैसे ही बिहार के बड़े मंदिरों में भी प्रतिदिन दर्शनार्थियों की अधिकतम सीमा तय होनी चाहिए। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों के समय के साथ समन्वय बिठाकर भीड़ के आगमन का सटीक आकलन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, प्रत्येक बड़े धार्मिक आयोजन से कम से कम एक महीने पहले जिला प्रशासन, विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग द्वारा पूरे परिसर का सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। कतारों वाले रास्तों से बिजली के तारों को पूरी तरह अंडरग्राउंड किया जाना चाहिए ताकि करंट लगने जैसी घटनाएं दोबारा न हों।

आस्था इंसान को जीवन जीने का संबल देती है, वह जान लेने की वजह नहीं बननी चाहिए। जब तक देश का नागरिक, समाज और प्रशासनिक तंत्र इस कड़वी हकीकत को स्वीकार नहीं करेंगे कि कुप्रबंधन ही असली हत्यारा है, तब तक प्रार्थनाओं के स्वर ऐसे ही असमय चीखों में बदलते रहेंगे। लखीसराय, जहानाबाद और नालंदा की त्रासदियां हमारे सामूहिक विवेक पर एक गहरा दाग हैं। अब समय आ गया है कि हम आस्था के इन पावन आलों को प्रशासनिक सतर्कता और सख्त नियमों से सुरक्षित करें, ताकि कोई भी माँ, बहन या भाई ईश्वर के दर से कफ़न में लिपटकर वापस न लौटे। व्यवस्था को अपनी नींद से जागना ही होगा, वरना इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## केसवी बालिका छात्रावास जर्जर, छात्राओं ने धार एसडीएम को दिया ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • गंधवानी विकासखंड स्थित केसवी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने जर्जर भवन की समस्या को लेकर प्रशासन से नया छात्रावास भवन बनाने की मांग की है। छात्राओं का आरोप है कि वर्तमान भवन बेहद खराब स्थिति में है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। छात्राओं ने वार्डन पर कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग भी की। इस संबंध में छात्राओं ने धार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम राजकुमार हलदर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्राओं ने बताया कि केसवी स्थित बालिका छात्रावास का वर्तमान भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। भवन की स्थिति के कारण छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नया छात्रावास भवन बनाए जाने की मांग की। छात्राओं ने छात्रावास की वार्डन पर कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कराने और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन मिलने के बाद एसडीएम राजकुमार हलदर ने संबंधित अधिकारी को तत्काल छात्रावास का निरीक्षण करने और छात्राओं की शिकायतों की जांच करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 34 छात्राएं आधीरात में खिड़कियों से निकलकर 10 किमी पैदल कुक्षी आई

### घटिया खाने, वार्डन के दुर्व्यवहार की शिकायत; नए भवन की मांग

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

धार की कुक्षी तहसील के निसरपुर स्थित आवासीय कन्या शिक्षा परिसर की 34 छात्राएं आधी रात को हॉस्टल से निकलकर 10 किलोमीटर दूर रात एक बजे कुक्षी पहुंच गई। हॉस्टल वार्डन बबिता चौहान को एक घंटे तक पूरे घटनाक्रम की भनक तक नहीं लगी। उन्होंने रात करीब एक बजे पुलिस चौकी निसरपुर को छात्राओं के गायब होने की सूचना दी। ये छात्राएं कक्षा 9वीं से 11वीं तक की हैं।

जानकारी के अनुसार छात्राएं रात करीब 12 बजे अपने कमरों की खिड़कियों से निकली। इसके बाद सभी पीछे के रास्ते से हॉस्टल से बाहर आ गई। रास्ते में पैदल जा रही छात्राओं को कुक्षी से 2 किमी दूर जयस प्रदेश अध्यक्ष रविराज बघेल ने देखा। कुक्षी थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान को भी इसकी सूचना मिली। पुलिस के वाहन और अन्य पिकअप वाहनों से छात्राओं को सुरक्षित पुलिस थाने पहुंचाया गया ।

### पुलिसवालों को छात्राओं ने बताई परेशानी

एसडीओपी, थाना प्रभारी और तहसीलदार के समक्ष छात्राओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्हें घटिया खाना



और नाश्ता दिया जाता है। छात्राओं ने वार्डन बबिता चौहान पर भेदभाव और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। छात्राओं ने कन्या शिक्षा परिसर को वैकल्पिक भवन में स्थानांतरित करने, वार्डन बबिता चौहान को हटाने और नई वार्डन मोनिका चौहान को प्रभार देने की मांग की है।

### 50 की क्षमता, 139 छात्राएं रह रहीं

जानकारी के अनुसार, निसरपुर में 50 सीटर उत्कृष्ट छात्रावास के भवन में ही कन्या शिक्षा परिसर की 89 छात्राओं को रखा जा रहा है। इस प्रकार, एक ही हॉस्टलभवन में कक्षा 6 से 12 तक की कुल 139 छात्राएं रह रही हैं, जिससे अत्यधिक भीड़भाड़ और असुविधाएं होती हैं। बताया गया कि एक बड़े कमरे में नौ छात्राएं रहती हैं।

### दूसरे भवन में किया जाएगा शिफ्ट

बीईओ हीरालाल निंग्वाल का कहना है कि सहायक आयुक्त से अनुमति लेकर कन्या शिक्षा परिसर को पुराने हॉस्टल भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। नई वार्डन मोनिका चौहान ने कार्यभार संभाल लिया है और वैकल्पिकस्थान पर शिफ्ट होने के बाद छात्राएं नई वार्डन के साथ रहेंगी। आज कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ और अन्य अधिकारी निसरपुर हॉस्टल पहुंचकर छात्राओं से रूबरू बातचीत करेंगे।

## शादी में डीजे बजाया तो वर-वधु पर 21-21 हजार जुर्माना



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • शादी समारोहों में बढ़ते दिखावे और अनावश्यक खर्च पर रोक लगाने के लिए श्री तिरोले कुनबी पटेल समाज ने एक बड़ा सामाजिक फैसला लिया है। अब समाज के किसी परिवार की शादी में बारात के दौरान छ्ठ्ठ बजाया गया तो वर और वधु दोनों पक्षों पर 21-21 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। यह राशि समाज के संगठन कोष में जमा कराई जाएगी। इसके साथ ही समाज ने प्री-वेडिंग शूट और रिंग सेरेमनी पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है। समाज की वार्षिक कार्ययोजना को लेकर शनिवार और रविवार को ओंकारेश्वर में दो दिवसीय बैठक हुई। इसमें समाज में अनुशासन, एकता, सेवा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। निर्णय के बाद समाज के लोगों ने नियमों को लागू करने की दिशा में पहल भी शुरू कर दी है। समाज के अनुसार, छ्ठ्ठ प्रतिबंध के निर्णय के 24 घंटे के भीतर ही 10 समाजजनों ने अपने परिवार की शादी के लिए बुक किए गए छ्ठ्ठ कैंसल कर दिए। समाज का मानना है कि इस तरह के आयोजनों में अनावश्यक खर्च बढ़ता है और दिखावे की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। इसलिए विवाह से जुड़े खर्च को सीमित कर सादगी को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। समाज के अनुसार, सगाई समारोह को लेकर भी मेहमानों की संख्या सीमित रखने का निर्णय लिया गया है। इसमें केवल करीबी परिवारजन और रिश्तेदार शामिल होंगे।

## मेडिसिन प्लांट से आरओ मशीन और मोटरपंप चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • खरगोन के भीकनगांव थाना क्षेत्र के पिपराड़ स्थित एक मेडिसिन प्लांट से ऋह्न प्लांट मशीन, पानी की दो मोटर सहित अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में खंडवा के जुनापानी निवासी दिलीप मंसारे और लछौरा के सेकड़िया फाल्या निवासी महेश चौहान व लालू पिता गुलाब उर्फ नाथू चौहान शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 70 हजार रुपए कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद मामले की आगे की जांच जारी है।

### 14 अगस्त को दर्ज हुई थी चोरी की शिकायत

सोनी कॉलोनी निवासी राहुल ने 14 अगस्त को भीकनगांव थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि पिपराड़ स्थित उनकी फैक्ट्री से ऋह्न प्लांट की मशीन, पानी की दो मोटर, स्रुश्वष्ठ बल्ब, वायर बंडल, हीट गन मशीन, स्पीकर बॉक्स, सीरीज लाइट और प्लास्टिक की टंकियां चोरी हो गई हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।

### थाना प्रभारी ने जांच के लिए बनाई टीम

मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़ ने पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने चोरी हुए सामान और वारदात से जुड़े सुरागों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटाने के साथ संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी। जांच के दौरान पुलिस को चोरी की वारदात में दिलीप मंसारे, महेश चौहान और लालू पिता गुलाब उर्फ नाथू चौहान की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली। दिलीप मंसारे जुनापानी, खंडवा का रहने वाला है, जबकि महेश चौहान और लालू लछौरा के सेकड़िया फाल्या के निवासी हैं।

## अधूरी नाली से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, धार में कई दिनों से निर्माण बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार शहर के मगजपूरा स्थित वार्ड क्रमांक 9 में नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा नाली निर्माण कार्य कई दिनों से अधूरा पड़ा है। निर्माण पूरा न होने के कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, नाली निर्माण का काम शुरू तो किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इसे अधूरा छोड़ दिया गया। इस वजह से लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा होने से पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि यदि बारिश में लगातार पानी जमा होता रहा, तो सड़क की स्थिति भी खराब हो सकती है और आसपास रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## किसान ने एक एकड़ में लगाई नेट, हर साल 6 लाख रुपए का मिल रहा फायदा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खंडवा जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर मलगांव टेमी गांव के किसान जितेंद्र दिनेश पटेल मौसम के विपरीत ककड़ी खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया 1 एकड़ खेत में सफेद नेट लगाया है। इसमें ठंड और गर्मी के समय के समय ककड़ी की खेती कर रहे हैं। सीजन खत्म होने के बाद उत्पादन होने से भाव कम मिलने की समस्या खत्म हो गई है। नेट में खेती तीन साल से कर रहे हैं। एक एकड़ की फसल से हर साल करीब 6 लाख रुपए का फायदा मिल रहा है। किसान जितेंद्र पटेल ने बताया कि हमारे पास करीब 20 एकड़ खेती है। इसमें एक एकड़ में ककड़ी की खेती 10 साल से कर रहा हूं। शेष जमीन पर प्याज और अन्य फसलें लगाते हैं। खुले खेत में ककड़ी लगाने से भाव कम मिलते थे। नेट लगाने के बाद ऑफ सीजन में ककड़ी उत्पादन करने पर यह समस्या खत्म हो गई। खेत से सीधे इंदौर मंडी में माल भेजते हैं।

# आयुष शेट्टी का बड़ा उलटफेर, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में नंबर-1 शी युकी हराए

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारत के युवा बैडमिंटन स्टार आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड में वर्ल्ड चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू ची को हरा दिया। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सोमवार से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में दुनिया में 22वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने मेंस सिंगल्स का यह मुकाबला 21-14, 13-21, 21- से जीता।

भारत की पीवी सिंधु ने भी जीत से शुरुआत की। सिंधु ने वूमंस सिंगल्स के पहले राउंड में आयरलैंड की सोफिया नोबल को 29 मिनट में 21-7, 21-11 से हराया। दूसरे राउंड में सिंधु का मैच कनाडा की वेन यू झांग से होगा। वर्ल्ड नंबर-9 सिंधु ने पहले गेम में 8-0 की बढ़त बना ली। फिर 21 साल की सोफिया को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में 141वीं रैंकिंग वाली नोबल ने बेहतर प्रदर्शन किया।



ब्रेक तक सिंधु से सिर्फ तीन अंक पीछे थीं। फिर सिंधु ने अगले 13 में से 10 अंक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। वूमंस डबल्स में त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने स्पेन के पाउला लोपेज और एल रोड्रिगेज को 21-9, 21-13 से हराया। मेंस डबल्स में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन ने आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स को हराया। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी 6-4 से आगे थी, तभी आयरलैंड की जोड़ी ने चोट की वजह से मैच से हटने का फैसला किया।

# फिल्म 'प्रलय' लाएंगे रणवीर सिंह, दुनिया के खत्म होने की कहानी!




**मुंबई (एजेंसी)** ● बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की महत्वाकांक्षी नई सर्वाइवल फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग शुरू हो गई है। अनन्या बिरला के बिरला स्टूडियोज, टू स्टोरी फिल्म्स और मां कसम फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली 'प्रलय' एक महत्वाकांक्षी एंड-ऑफ-द-वर्ल्ड एक्शन थ्रिलर है। फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर मुंबई में शुरू हो गई है। इसके साथ ही भारतीय सिनेमा की बड़े पैमाने पर बनाई जा रही फिल्मों में से एक की शूटिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धुरंधर और धुरंधर-द रिवेंज के बाद रणवीर सिंह की अगली बड़ी फिल्म है। दोनों फिल्में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हैं।

## भारत की हाकी वर्ल्ड कप में पहली हार, इंग्लैंड ने दी मात

**एम्सटेलवीन (एजेंसी)** ●भारत को मेंस हाकी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के विरुद्ध 4-2 की हार झेलनी पड़ी है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस टूर्नामेंट में छठा मैच हारी है। उसे पिछले 32 साल से जीत का इंतजार है। एम्सटेलवीन के वैगेनर स्टेडियम में भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिलप्रीत सिंह ने गोल किए, लेकिन ये गोल जीत के लिए काफी नहीं थे। इंग्लैंड की ओर से निकोलस बंडुराक ने पेनल्टी पर दो गोल स्कोर किए। हेनरी क्रॉफ्ट और स्टुअर्ट रशमेयर ने एक-एक गोल किए। टीम इंडिया का अगला मैच 19 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ होगा। इंडिया ने पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराया था, जबकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 4-1 से हराया था। पूल डी में भारत ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक मुकाबले में जीत और एक में हार मिली है।

## गावस्कर ने आईपीएल ट्रेड पर उठाया सवाल, बोले, खिलाडियों की डील की रकम पब्लिक हो

**मुंबई (एजेंसी)** ● पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में खिलाड़ियों के ट्रेड को लेकर पूरी फाइनांशियल डिटेल सार्वजनिक करने की मांग की है। गावस्कर का कहना है कि जब कोई खिलाड़ी एक फ्रेंचाइजी से दूसरी टीम में ट्रेड होता है, तो उसकी डील की रकम भी पब्लिक डोमेन में होनी चाहिए। इससे सभी फ्रेंचाइजियों को यह पता रहेगा कि टीमों ने तय सैलरी कैप का पालन किया है या नहीं। गावस्कर ने कहा कि किसी खिलाड़ी के ट्रेड की रकम की जानकारी दोनों फ्रेंचाइजियों, खिलाड़ी और बोर्ड को होती है। बाकी टीमों को इस डील की पूरी फाइनांशियल जानकारी नहीं मिलती। इससे दूसरी फ्रेंचाइजियों के लिए यह जांचना मुश्किल हो जाता है कि किसी टीम ने तय सैलरी कैप के भीतर रहकर ट्रेड किया है या नहीं। इसलिए ट्रेड की रकम को सार्वजनिक करना पारदर्शिता के लिए जरूरी है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग है, इसलिए इसके कामकाज में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। ट्रेड की रकम सार्वजनिक होने से सभी फ्रेंचाइजियों को एक जैसी जानकारी मिलेगी और लीग के नियमों को लेकर उठने वाले सवालों को कम किया



जा सकेगा। 2026 सीजन से पहले संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स से चेन्नई सुपर किंग्स में ट्रेड हुए थे। उनकी लीग फीस 18 करोड़ रुपए बताई गई थी। 2026 सीजन खत्म होने के बाद ऋषभ पंत और कुलदीप यादव का भी ट्रेड हुआ। पंत लखनऊ से दिल्ली कैपिटल्स लौटे, जबकि कुलदीप दिल्ली से लखनऊ में चले गए। आईपीएल के मुताबिक पंत की नई फीस 15 करोड़ और कुलदीप की 13.50 करोड़ रुपए है। मुंबई के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को लेकर भी टीम बदलने की अटकलें चल रही हैं। हालांकि, अभी उनके मुंबई छोड़ने की कोई घोषणा नहीं हुई है। हार्दिक 2024 सीजन से पहले गुजरात से ट्रेड होकर मुंबई में आए थे।

# तब्बू स्लमडॉग 33 टेंपल रोड में निभाएगी डिप्टी कमिश्नर रोल



**मुंबई (एजेंसी)** ● साउथ की स्लमडॉग 33 टेंपल रोड फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में तब्बू निडर डिप्टी कमिश्नर गौरी हेगड़े का रोल कर रही है। अब मेकर्स ने अभिनेत्री तब्बू के दमदार किरदार की झलक जारी कर दी है, जिससे फिल्म को लेकर चर्चा और तेज हो गई है। फिल्ममेकर्स ने सोशल मीडिया पर तब्बू के किरदार का एक खास वीडियो जारी किया, जिसे निर्देशक पुरी जगन्नाथ ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। उन्होंने तब्बू को भारतीय सिनेमा का अनमोल रत्न बताते हुए फिल्म में उनके किरदार की जानकारी दी। वीडियो में तब्बू गौरी हेगड़े के रूप में नजर आ रही हैं, जो इनकम टैक्स विभाग में डिप्टी कमिश्नर हैं। उन्हें एक ऐसी महिला के तौर पर पेश किया गया है, जो निडर है, ताकतवर है और किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटती। वीडियो की शुरुआत तब्बू के किरदार को पावरफुल ऑफिसर के तौर पर पेश करने से होती है। इसके बाद वीडियो में उनके कई एक्शन से भरपूर सीन दिखाई देते हैं, जिनमें वह लोगों को धमकाती और थप्पड़ मारती नजर आती हैं। उनके चेहरे के हाव-भाव और बातचीत का अंदाज भी काफी सख्त है, जो उनके किरदार की गंभीरता को दर्शाता है। वीडियो में एक सीन खास तौर पर लोगों का ध्यान खींचता है, जिसमें तब्बू विजय सेतुपति के किरदार से बात करती दिखाई देती हैं। वह आत्मविश्वास के साथ कहती हैं, हमारे स्टाइल में पहले गोली चलाते हैं और फिर बात करते हैं। यह डायलॉग उनके किरदार की सीधी और बेबाक शैली को उजागर करता है। वीडियो के आखिर में तब्बू के किरदार की पहचान सामने आती है। वह बताती हैं कि उनका नाम गौरी हेगड़े है और वह इनकम टैक्स विभाग में डिप्टी कमिश्नर हैं।

# उज्जैन संभाग

## आगर रोड पर बसों के रुक-रुककर सवारी बैठाने से हो रहा चक्काजाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●आगर रोड पर चामुंडा माता चौराहा और इसके आसपास बस रोककर उनमें सवारी बैठाई जाने से आए दिन चक्काजाम हो रहा है। यह हालात तब है, जब सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई बार इन बस संचालकों पर कार्रवाई करने का निर्णय हुआ है। बावजूद न तो आरटीओ का अमला इस तरफ ध्यान दे रहा है, न ही यातायात विभाग की टीम। मार्ग पर बसें रुकने और सवारी बैठाने से पीछे से आ रहे वाहनों को आगे निकलने में रुकावट पैदा हो रही है और धीरे-धीरे पूरा मार्ग ही जाम हो रहा है। इधर, इस संबंध में आरटीओ संतोष मालवीय से चर्चा करना चाही लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार का तर्क है? कि टीम मार्ग पर तैनात रहकर कार्रवाई करती आ रही है।

## प्रदेश के शिवालयों में जन सैलाब, महाकाल की राजसी सवारी, ओंकारेश्वर में नौका विहार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर मध्य प्रदेश के प्रमुख शिवधामों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उज्जैन में बाबा महाकाल प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। राजसी सवारी में चंद्रमौलेश्वर पालकी में, मनमहेश हाथी पर और शिव-तांडव प्रतिमा गरुड़ रथ पर विराजमान दिखे। ओंकारेश्वर में बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की सवारी निकली और बाबा ममलेश्वर ने नौका विहार किया। आगर मालवा में बाबा बैजनाथ का नागभूषण स्वरूप में श्रृंगार किया गया, जबकि पचमढ़ी में नागद्वारी यात्रा पूरी करने के बाद श्रद्धालु 1300 से ज्यादा खड़ी सीढ़ियां चढ़कर चौरागढ़ पहुंचे।

उज्जैन में रात्रि 9 बजे तक की स्थिति में 10 लाख 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान श्री नागचंद्रेश्वर और 4 लाख 23 हजार से अधिक श्रद्धालु महाकालेश्वर के दर्शन किए हैं। वहीं, बाबा महाकाल की तीसरी सवारी में 6 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। साल में सिर्फ एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार रात 12 बजे खोले गए, जो सोमवार रात 10 बजे



तक खुले रहे। महाकाल मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोले गए थे।

उज्जैन में सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर बाबा महाकाल की राजसी सवारी निकली। इसमें चंद्रमौलेश्वर पालकी में, मनमहेश हाथी पर और शिव-तांडव प्रतिमा गरुड़ रथ पर विराजमान थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सवारी के दर्शन के लिए उमड़ी है। महाकाल मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोले गए। नागपंचमी पर साल में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं रहीं।

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की सवारी निकाली गई। इस दौरान बाबा ममलेश्वर ने नौका विहार किया। इसके बाद बाबा ममलेश्वर ओंकार क्षेत्र के बाजार में पहुंचे और वहां के निवासियों व श्रद्धालुओं का हाल जाना।

यह विशेष संयोग साल में एक बार आता है, जब बाबा ममलेश्वर ओंकार क्षेत्र के बाजार में पहुंचते हैं। यहां वे नगर भ्रमण करते हैं। सवारी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में नजर आया।

आगर मालवा के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बाबा बैजनाथ का नागभूषण स्वरूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया। इसके दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों से कांवड़ यात्राएं बैंड-बाजे और ढोल की थाप के साथ मंदिर पहुंचीं। कांवड़ियों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए बाबा का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने व्यवस्थाएं संभालीं। सावन के तीसरे सोमवार को पचमढ़ी की प्रसिद्ध नागद्वारी धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद श्रद्धालुओं का सैलाब चौरागढ़ मंदिर पहुंचा। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। रिमझिम बारिश और खुशनुमा मौसम के बीच चौरागढ़ का शिव मंदिर बादलों की गोद में नजर आया। 'बम-बम भोले' के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर तक पहुंचने के लिए 1300 से अधिक खड़ी सीढ़ियां चढ़ीं।

मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ रजत प्रतिमा के रूप में पालकी में सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। सावन सोमवार की सवारी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां क्रेन पर तैयार शिव-पार्वती की जोड़ी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समाजसेवी नाहरू खान मेव ने इसे शाही पालकी के लिए विशेष रूप से तैयार कराया गया।

सेंधवा के नागलवाड़ी शिखरधाम में नागपंचमी पर भिलट देव का 101 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को 108 व्यंजनों का भोग लगाया गया। नागलवाड़ी शिखरधाम में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। भोजपुर महादेव का नागपंचमी पर 6 क्विंटल फूलों से नागेश्वर स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया था। इस विशेष स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे।

ग्वालियर के प्राचीन नागदेवता मंदिर, रायसेन के सोमेश्वर धाम और गैरतगंज के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में नागपंचमी और सावन सोमवार पर विशेष आयोजन हुए। अभिषेक के बाद भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

प्रदेश के अलग-अलग शिवालयों में दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। कहीं बाबा की सवारी निकली, कहीं विशेष श्रृंगार और अभिषेक हुआ तो कहीं कांवड़िए जल लेकर पहुंचे। सावन सोमवार और नागपंचमी के संयोग ने पूरे मध्य प्रदेश को शिवभक्ति के रंग में रंग दिया।

## धार में खसरा नंबर 612 में नमाज रोकने की मांग, भोजशाला को लेकर हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● भोजशाला से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने कलेक्टर राजीव रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारी और हिंदू समाज के लोग कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय पहुंचे थे। ज्ञापन में भोजशाला के 100 मीटर संरक्षित क्षेत्र की स्पष्ट मार्किंग कराने, अतिक्रमण हटाने और खसरा नंबर 612 में नमाज की व्यवस्था बंद करने की मांग की गई। संगठन ने न्यायालय के निर्देशों का पूरी तरह पालन कराने की भी मांग की।

### कोर्ट के आदेशों के अनुसार व्यवस्था की मांग

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने इंदौर हाई कोर्ट के 15 मई 2026 के निर्णय और सुप्रीम कोर्ट के 14 जुलाई 2026 के आदेश का हवाला दिया। संगठन ने प्रशासन से दोनों न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ज्ञापन में कहा गया कि खसरा नंबर 612 में नमाज की व्यवस्था के संबंध में प्रशासन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से जरूरी राय ले। साथ ही संरक्षित स्मारक से जुड़े 100 मीटर क्षेत्र के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

संगठन ने 30 जुलाई 2026 के आदेश में खसरा नंबर 596 पर अस्थायी नमाज की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए खसरा नंबर 612 में व्यवस्था किए जाने पर आपत्ति जताई। ज्ञापन सौंपने के दौरान याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि 15 मई 2026 के इंदौर हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से न तो स्थगन हुआ है और न ही आदेश निरस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अंतिम आदेश का पालन होना चाहिए। साथ ही हिंदू समाज की भावनाओं का भी सम्मान किया जाना चाहिए। ज्ञापन के दौरान हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हिंदू समाज के लोग भी कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय पहुंचे। संगठन ने प्रशासन से सभी मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## अध्ययनशालाओं में सीटें खाली, विद्यार्थियों को 31 अगस्त तक दिया प्रवेश का मौका.

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●सम्राट विक्रमादित्य विवि की अध्ययनशालाओं में एडमिशन के लिए प्रवेश की तारीख को फिर से आगे बढ़ाया है। अब विद्यार्थी 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में प्रवेश के लिए लगभग तीन महीने से प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इतनी लंबी अवधि तक प्रवेश प्रक्रिया चलने के बाद भी कई अध्ययनशालाओं में ?शत-प्रतिशत सीटों पर एडमिशन नहीं हो सके हैं। इसलिए प्रवेश की तारीख को फिर से आगे बढ़ाने की अधिसूचना जारी की गई है। इसके पहले जारी अधिसूचना के अनुसार प्रवेश के लिए आखिरी तारीख 14 अगस्त थी, जिसे बढ़ाकर 31 अगस्त किया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) और सीधे प्रवेश एवं फॉर्मेसी संस्थान के एम.फार्मा. में रिक्त सीटों पर विद्यार्थी 31 अगस्त तक एडमिशन ले सकते हैं।

## चलियां साहिब विशेष पल्लव, सिंधी भाषा के प्रति जागरूकता लाने का संदेश दिया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद ने चलियां साहिब विशेष पल्लव का आयोजन ओम अनिका सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल गार्डन में किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भाग लिया। समाजसेवी महेश सीतलानी के आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत से हुई। इसके बाद परिषद के नई दिल्ली स्थित तत्वावधान में सिंधी भाषा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए सिंधी भाषा अमर रहे गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समाजजनों ने छेज नृत्य प्रस्तुत किया। शोभा शर्मा ने विशेष आरती कराई। आयोजन में अतिथियों और सहयोगियों का स्वागत-सम्मान भी किया गया। आयोजन में राजकुमार स्वामी, कशिश सीतलानी, महक मूलचंदानी, डॉली खेमचंदानी, धर्मदासानी, अनिता गंगवानी, आशा लुधवानी, वंशिका लखवानी, रिया धनानी सहित समाजजनों का सहयोग रहा।

अफसरों की आईडी से बदले संपत्ति रिकॉर्ड, एफआईआर के निर्देश

# 350 नामांतरण का खेल : दो निलंबित, तीन की सेवा खत्म, आउटसोर्स कर्मी ब्लैकलिस्ट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नगर निगम के राजस्व विभाग में संपत्तियों के नामांतरण का खेल अब दबने वाला नहीं है। करीब 350 संपत्तियों के रिकॉर्ड में बिना विधिवत आवेदन के नाम बदलने के मामले ने निगम के पूरे राजस्व तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जांच रिपोर्ट सामने आते ही निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने कार्रवाई का ऐसा डंडा चलाया कि विभाग में हड़कंप मच गया। दो कर्मचारियों को निलंबित करने के साथ ही तीन की सेवाएं समाप्त कर दी गई। एक आउटसोर्स कर्मचारी को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी है और पूरे मामले में साइबर क्राइम शाखा में एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए हैं।




## अब सिर्फ निलंबन नहीं, एफआईआर से खुलेगा राज

विभागीय कार्रवाई के बाद अब गेंद पुलिस के पाले में है। साइबर क्राइम शाखा में एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस जांच में यह पता लगाने की कोशिश होगी कि 350 संपत्तियों के नाम क्यों बदले गए, किसे इसका फायदा मिला, किसने रिकॉर्ड में बदलाव कराया और अधिकारियों की आईडी का इस्तेमाल किस स्तर पर हुआ।

**इन पर गिरी गाज :** कार्रवाई की जद में जोन क्रमांक 10 वार्ड 39 के बिल कलेक्टर रियाज अंसारी और मुख्यालय राजस्व में पदस्थ संजय यादव आए हैं। दोनों को निलंबित किया गया है। वहीं जोन क्रमांक 13 के बिल कलेक्टर सौरभ तिवारी, पूर्व में राजस्व विभाग में पदस्थ मस्टर कर्मचारी संतोष मालवीय और जोन क्रमांक 20 के बिल कलेक्टर अजय सोलंकी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। मामले में आउटसोर्स कर्मचारी सागर पंवार पर भी कार्रवाई तय है। उसे ब्लैकलिस्ट करने के लिए संबंधित एजेंसी को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जोन क्रमांक 4 के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी तरुण जोशी को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है।

**आईडी अफसरों की... खेल किसका:** इस पूरे मामले का सबसे विस्फोटक पहलू अधिकारियों की आईडी का इस्तेमाल है। जांच में सामने आया कि करीब 350 संपत्तियों के नामांतरण अधिकारियों की आईडी के जरिए किए गए। इनमें तत्कालीन उपायुक्त केशव सगर और प्रदीप जैन की आईडी भी शामिल बताई गई है। दोनों अधिकारियों को पहले ही पद से हटाया जा चुका है। अब सवाल निगम के गलियारों में गूंज रहा है-अफसरों की आईडी किसके हाथ लगी? पासवर्ड तक कौन पहुंचा? बिना आवेदन नामांतरण कौन करता रहा? और इतने बड़े खेल के दौरान विभागीय निगरानी आखिर कहां थी? यह सिर्फ कुछ कर्मचारियों की लापरवाही है या फिर नामांतरण के नाम पर चल रहा कोई संगठित नेटवर्क? इसका जवाब अब पुलिस जांच में तलाशा जाएगा।

**नवंबर से अप्रैल तक खेल :** मामला नवंबर से अप्रैल के बीच का है। इस दौरान संपत्तिकर खातों में बिना विधिवत आवेदन के ओनर नेम बदले जाने की जानकारी निगम को मिली। मामला सामने आते ही निगमायुक्त ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। समिति ने ई-पोर्टल के रिकॉर्ड खंगाले, संपत्तिधारकों से जानकारी ली और तकनीकी स्तर पर भी पड़ताल की। 50 से ज्यादा संपत्तिधारकों को नोटिस जारी किए गए। जांच के दौरान पुराने रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने से मामला और उलझा, लेकिन निगम ने तकनीकी और दस्तावेजी रिकॉर्ड के आधार पर जांच आगे बढ़ाई।

## फर्जी नामांतरण में 20 दलालों की भूमिका, पुलिस की जांच के बाद सामने आएंगे नाम

फर्जी नामांतरण मामले में जांच पूरी होने के बाद अब आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है। नगर निगम की जांच में करीब 20 दलालों की भूमिका के संकेत मिले हैं। इन दलालों के नाम अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन पुलिस की जांच में इनके नाम और भूमिका उजागर होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इन दलालों ने फर्जी नामांतरण कराने के साथ संपत्तियों की बिक्री में भी भूमिका निभाई है। जांच में सामने आया है कि इन दलालों के संपर्क निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों से थे। जिन कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन, सेवा से बर्खास्तगी और एफआईआर जैसी कार्रवाई की गई है, उनके भी इन दलालों से संपर्क होने की बात सामने आई है। ये दलाल रजिस्ट्रार कार्यालय में भी सक्रिय बताए जा रहे हैं। निगम सूत्रों के अनुसार रियाज अंसारी, संजय यादव, सौरभतिवारी, संतोष मालवीय, अजय सोलंकी, सागर पवार और तरुण जोशी के तार इन संदिग्ध दलालों से जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस की छानबीन आगे बढ़ने के साथ ही दलालों के नाम सामने आने की संभावना है।

### एक नामांतरण के लिए 2 से 3 लाख रुपए तक

जांच में यह बात भी सामने आई है कि एकफर्जी नामांतरण कराने के लिए ऑपरेटरों को 2 से 3 लाख रुपए तक दिए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस अबइस पूरे लेन-देन और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच करेगी।

### घोटाले में बड़े अधिकारी का नाम अभी नहीं

घोटाले में अभी तक किसी बड़े अधिकारी की भूमिका सामने नहीं आई है। उपायुक्त एसके सगर और प्रदीप जैन की आईडी से फर्जी नामांतरण किए जाने की बात जांच में सामने आई है। मामले के बाद उपायुक्त सगर का विभाग बदल दिया गया है।

### 50 पीड़ितों से वन-टू-वन पूछताछ

जांच समिति के सदस्य अर्थ जैन ने बताया कि जिन लोगों के नाम बदले गए, उनसे संपर्क कर नामांतरण की प्रक्रिया की जानकारी जुटाई गई। वहीं अपर आयुक्त आकाश सिंह ने करीब 50 पीड़ितों से वन-टू-वन बात कर यह पता किया कि उनका नामांतरण कैसे हुआ और उन्होंने किन लोगों को दस्तावेज दिए थे। अब पुलिस जांच में फर्जी नामांतरण के नेटवर्क की परतें खुलेंगी।



इंदौर। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आदरणीय सुश्री कविता पाटीदार से भाजपा के शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने एयरपोर्ट पर आत्मीय मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# एमआईसी बैठक में 64 प्रस्तावों पर लगेगी मुहर, शाह की संपत्ति का मामला भी एजेंडे में

## 70 नए सार्वजनिक शौचालयों व स्ट्रीट वेंडिंग जैसे मुद्दों पर होगा फैसला

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● महापौर परिषद की बैठक अब मंगलवार 18 अगस्त को दोपहर 3 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभागृह में होगी। बैठक में 64 प्रस्ताव रखे जाएंगे। इनमें शहर की सफाई, यातायात, जलप्रदाय और विकास से जुड़े कई अहम फैसलों के साथ मंत्री विजय शाह की कनाड़िया रोड स्थित संपत्ति से जुड़े आवेदन पर भी चर्चा होगी। बैठक में शहर में 70 नए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव प्रमुख हैं। इसके अलावा विजयनगर क्षेत्र में निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। अवैध कॉलोनियों और सरकारी निगम की जमीन पर कब्जा कर संपत्तिकर व जलकर खाते खुलवाने के मामलों पर भी कार्रवाई से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

सफाई और कचरा प्रबंधन पर बड़े फैसले

विजय शाह की कनाड़िया रोड स्थित संपत्ति का मामला भी बैठक में चर्चा के लिए आएगा। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक सर्वे नंबर 418/1 की संपत्ति विजय शाह के नाम दर्ज है। संपत्ति कर की बकाया राशि को लेकर निगम ने नोटिस जारी किया था। अब संबंधित आवेदन पर महापौर परिषद निर्णय लेगी। 64 प्रस्तावों में नारियल कचरा प्रोसेसिंग प्लांट, ग्रीन वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सहित कचरा प्रबंधन से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। फूटी कोठी फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स हब विकसित करने और शहर में नए सार्वजनिक शौचालयों के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। जल समिति से जुड़े प्रस्तावों में नर्मदा परियोजना के लिए जलूद स्थित विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर खरीदी, सालभर संचालन-रखरखाव और जलगंगा संवर्धन से जुड़े काम शामिल हैं।

### 3डी सिनेमा में टिकट दर तय करने का प्रस्ताव

चिड़ियाघर में 3डी सिनेमा थिएटर के संचालन के लिए प्रवेश शुल्क और टिकट दर तय करने का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं फिश एक्वेरियम के निर्माण को लेकर तकनीकी और वित्तीय संशोधन पर भी परिषद फैसला करेगी। अन्नपूर्णा रोड स्थित तालाब के पास हॉकर्स जोन में स्ट्रीट फूड हब विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा। योजना के तहत यहां खाद्य सामग्री की दुकानें संचालित करने के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। देवगुराड़िया में 60 टीपीडी नारियल निपटान अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए एजेंसी के चयन का प्रस्ताव भी शामिल है। सरकारी बगीचों और घरों से निकलने वाले पेड़-पौधों के कचरे के निपटान के लिए 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाले ग्रीन वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा करीब 300 टीपीडी क्षमता के नए बायो-सीएनजी प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जाएगा। साथ ही निजी और सरकारी जमीन पर लगने वाले मनोरंजन एवं आमोद-प्रमोद कर तथा सिनेमाघरों की लाइसेंस फीस समेत कई अन्य मामलों पर भी परिषद फैसला लेगी। इस तरह मंगलवार की बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे से लेकर राजस्व, सफाई, जलप्रदाय और व्यावसायिक गतिविधियों तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय होने की संभावना है।

# निजी अस्पतालों में भी खुल सकते हैं जन औषधि केंद्र

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

■ संसदीय समिति की सिफारिश से घट सकता है दवाओं का खर्च, आयुष्मान का कवर भी 10 लाख करने का सुझाव

**भोपाल** ● दवाओं के भारी-भरकम खर्च से परेशान होने वाले मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें निजी अस्पतालों में भी जेनरिक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए निजी अस्पतालों में भी जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी जैसी सस्ती दवाओं की दुकानें खुल सकेंगी। दरअसल, संसद की केंद्रीय स्वास्थ्य संसदीय समिति ने मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे इलाज से राहत दिलाने के लिए राज्यसभा और लोकसभा में अपनी 176वीं रिपोर्ट पेश करते हुए यह सिफारिश की है। अगर संसदीय समिति की सिफारिश लागू होती है तो आयुष्मान भारत से जुड़े निजी अस्पतालों में भी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी खोले जा सकेंगे। इस पहल का फायदा खासकर कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और अन्य लंबे समय तक इलाज वाली बीमारियों के मरीजों को होगा।

# प्रदेश महामंत्री रणदिवे को पीछे बैठने का इशारा भरत पारिख की भूमिका ने खड़े किए बड़े सवाल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निगम आयोजनों में मंच व्यवस्था को लेकर उठते सवाल अब केवल व्यवस्थागत चूक तक सीमित नहीं रह गए है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आयोजित सुदामा नगर रिंग रोड उद्घाटन समारोह में प्रदेश भाजपा महामंत्री गौरव रणदिवे को पीछे बैठने का कथित तौर पर इशारा किए जाने के बाद भाजपा के भीतर एक बार फिर प्रोटोकॉल, मर्यादा और मंच संचालन को लेकर सवाल खड़े हो गए है। इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में पूर्व पार्षद भरत पारिख का नाम सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने के दौरान गौरव रणदिवे भी उनके साथ मंच पर पहुंचे। मंच पर सुमित मिश्रा और श्रवण चावड़ा आगे बैठे थे, जबकि प्रताप करोसिया, सावन सोनकर और मेघराज जैन सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। इसी दौरान भरत पारिख द्वारा रणदिवे को पीछे बैठने का इशारा किए जाने की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि इस घटनाक्रम से रणदिवे असहज हुए और कुछ देर बाद मंच से उतरकर कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए।

### भरत पारिख कौन होते हैं प्रोटोकॉल तय करने वाले ?

घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक पद पर बैठे नेता को मंच पर कहां बैठना है, इसका निर्णय लेने का अधिकार आखिर किसके पास था ? यदि मंच पर स्थान को लेकर कोई व्यवस्थागत समस्या थी तो उसे कार्यक्रम के आयोजकों या संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के माध्यम से सुलझाया जा सकता था। लेकिन प्रदेश महामंत्री को सार्वजनिक मंच पर पीछे बैठने का संकेत दिया जाना संगठनात्मक मर्यादा और पद की गरिमा के लिहाज से गंभीर सवाल खड़े करता है। भरत पारिख की भूमिका को लेकर अब भाजपा के भीतर यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या उन्हें पार्टी के प्रोटोकॉल की जानकारी नहीं थी या फिर मंच पर व्यवस्था संभालने के नाम पर उन्होंने अपनी भूमिका की सीमा से आगे जाकर हस्तक्षेप किया ?

### मंच पर 'मनमानी' या महज व्यवस्था की चूक ?

भाजपा एक कैडर आधारित और अनुशासित राजनीतिक संगठन माना जाता है। यहां प्रदेश महामंत्री का पद संगठनात्मक रूप से महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में मुख्यमंत्री की मौजूदगी वाले कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार होना सामान्य मंचीय अव्यवस्था मानकर टाल देना भी आसान नहीं होगा। कार्यकर्ताओं का सवाल है कि क्या अब निगम के कार्यक्रमों में कौन आगे बैठेगा और कौन पीछे, यह संगठनात्मक पद से नहीं बल्कि व्यक्तिगत

### प्रभाव से तय होगा ?

भरत पारिख की कार्यशैली पर भी उठने लगी चर्चा- रविवार की घटना के बाद भरत पारिख की कार्यशैली को लेकर पार्टी के भीतर चर्चाएं फिर तेज होने की बात कही जा रही है। वरिष्ठ नेताओं के साथ सार्वजनिक मंच पर व्यवहार में संयम, मर्यादा और संगठनात्मक अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

# धार भोजशाला में विवाद : हिंदू संगठन की मांग नमाज की जगह बदली जाए

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर/धार** ● धार भोजशाला मामले में हिंदू और मुस्लिम पक्ष के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम पक्ष द्वारा की गई शिकायत के बाद अब हिंदू फ्रंट फार जस्टिस ने भी मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर सोमवार को कलेक्टर और एसपी धार से मिलकर मांगपत्र सौंपा गया। धार भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद परिसर के पास हर शुक्रवार को नमाज अदा की जा रही है। वहीं लगातार हिंदू-मुस्लिम पक्ष के बीच में तनाव बढ़ रहा है।

पहले मुस्लिम पक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर आरोप लगाए कि हिंदू पक्ष द्वारा कमाल मौला दरगाह के बाहर आपत्तिजनक बातें कही जाती है। इसके बाद अब हिंदू फ्रंट फार जस्टिस ने कलेक्टर राजीव मीणा और एसपी सचिन शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कन्हैयालाल यादव जिला अध्यक्ष, मनीष मकवाने नगर अध्यक्ष और आशीष गोयल प्रदेश उपाध्यक्ष शामिल थे। मांग में कहा गया कि इसी खसरे पर वर्षों से स्थानीय रहवासियो द्वारा लगातार खेती की जा रही है। आसपास मकान /प्रतिष्ठान बने हैं। यहां कानून व्यवस्था की स्थिति बन सकती है।



### नमाज की जगह पर उठाया सवाल

शुक्रवार 14 अगस्त को मार्ग अवरुद्ध कर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय को नमाज उपरांत तथाकथित दरगाह में उसी रास्ते से जाने की अनुमति दी गई। इससे हिंदू समुदाय का आधिकारिक मार्ग अवरुद्ध हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे नंबर 596 पर नमाज की व्यवस्था का कहा था। साथ ही यह भी कहा कि यह आदेश पक्षों को आपसी सहमति से किसी अन्य स्थल का चयन करने से नहीं रोकेगा। हिंदू समुदाय की आपत्ति और विरोध के बावजूद खसरा नंबर 612 पर अस्थायी नमाज करवाई जा रही है।

# छह सप्ताह बीतने के बाद भी डीएवीवी में दूसरे साल की क्लासें शुरू नहीं हुई, क्योंकि अभी इंतज़ार है सिलेबस का

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नए एकेडमिक सेशन के छह हफ़्ते से ज़्यादा बीत जाने के बाद भी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) से जुड़े कॉलेजों में अंडरग्रेजुएट दूसरे साल के छात्र अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं, क्योंकि यूनिवर्सिटी ने अभी तक कई वोकेशनल और वैल्यू-एडेड सब्जेक्ट्स के लिए सिलेबस जारी नहीं किया है।

इस देरी की वजह से कॉलेज कई कोर्स के लिए क्लास शुरू नहीं कर पाए हैं, जिससे स्टूडेंट्स और फैकल्टी में चिंता बढ़ गई है।




जिन कोर्स का सिलेबस अभी आना बाकी है, उनमें डिजिटल मार्केटिंग, जीएसटी और ई-अकाउंटिंग, रिटेल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल सर्विसेज़ और इंश्योरेंस, सेल्समैनशिप और हिंदी जैसे वोकेशनल सब्जेक्ट शामिल हैं। कॉलेज 'वैल्यू-एडेड कोर्स' के करिकुलम का भी इंतज़ार कर रहे हैं, जिसकी वजह से टीचर क्लास में पढ़ाना शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

असमंजस में खिलाड़ी, संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियां ठप

# नया सत्र शुरू होने के डेढ़ महीने बाद भी खेल कैलेंडर जारी नहीं कर सका उच्च शिक्षा विभाग

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू हो गया है। डेढ़ महीने बीतने के बाद भी अभी तक खेल कैलेंडर जारी नहीं हुआ। इसके चलते संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियां ठप नजर आ रही है। इंदौर सहित प्रदेशभर के खिलाड़ियों में आक्रोश है।

**डेढ़ महीने हो गए नया सत्र शुरू हुए:** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की लेट लतीफी के कारण प्रदेश के शासकीय और निजी महाविद्यालयों के हजारों खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए करीब डेढ़ महीने हो गए इसके बाद भी विभाग ने अब तक वार्षिक खेल कैलेंडर जारी नहीं किया है। खेल कैलेंडर घोषित न होने से महाविद्यालयों में खेल गतिविधियां पूरी तरह ठप हैं और खिलाड़ी बिना किसी तय लक्ष्य के अभ्यास करने को मजबूर हैं। प्रशासनिक उदासीनता के चलते खिलाड़ियों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि बिना शेड्यूल के वे अपनी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कैसे पूरी करेंगे।

**कैलेंडर और गाइडलाइन जारी होने का इंतजार:** सूत्रों की माने तो जब तक भोपाल से कैलेंडर और गाइडलाइन जारी नहीं होती, तब तक अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं की तारीखें घोषित नहीं हो सकती। छात्र नेताओं का कहना है कि शिक्षा विभाग केवल कागजी योजनाएं बना रहा है। सत्र शुरू हुए महीनों बीत गए, लेकिन इन्हें खेल कैलेंडर जारी करने की फुर्सत नहीं है। यह सीधे तौर पर मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। एक तरफ सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों पर करोड़ों रुपए बरसाने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ जमीन स्तर पर कॉलेजों में खिलाड़ियों को यह तक नहीं पता कि उनकी प्रतियोगिताएं कब होंगी और उन्हें कब मैदान पर उतरना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।